वर्ष-10 अंक-310 पृष्ठ- 8 मूल्यः 3 रूपये

प्रयागराज, सोमवार 24 फरवरी 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

नगर संस्करण

10

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From Google Play

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### कोई कानूनी आधार नहीं', एक्स से भगदड़ के वीडियो हटाने की रेल मंत्रालय मांग पर बोलीं मोइत्रा


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महुआ मोइत्रा ने रेल मंत्रालय की आलोचना करते हुए कहा कि नई दिल्ली में हुई भगदड़ के वीडियो हटाने की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने मंत्रालय के इस दावे को बकवास बताया कि ये वीडियो कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकते हैं।तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ



मोइत्रा शनिवार को रेल मंत्रालय की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में हुई भगदड़ की तस्वीरें-वीडियो 'एक्स' से हटाने की मंत्रालय की मांग का कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने मंत्रालय के इस दावे को भी बेबुनियाद बताया कि ऐसे वीडियो कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकते हैं। मोइत्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, रेल मंत्रालय के पास ऐसा कोई कानूनी आधार नहीं है, जिसके तहत वह 'एक्स'से वीडियो हटाने को कह सके। रेलवे का यह दावा कि ये वीडियो कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा कर सकते हैं, पूरी तरह से बकवास है। सूत्रों के मुताबिक, रेल मंत्रालय ने एक्स को 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के परेशान करने वाली तस्वीरों और वीडियो हटाने को कहा। मंत्रालय ने नैतिक मानदंडों और मंच की सामग्री (कंटेंट) नीति का हवाला देते हुए 17 फरवरी को नोटिस भेजा और 36 घंटे में कार्रवाई करने को कहा था। इससे पहले बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ मामले में जनहित याचिका (पीआईएल) का जवाब रेलवे से मांगा था। भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई थी। पीआईएल में आरोप लगाया गया है कि यह भगदड़ प्लेटफॉर्म नंबर 16 पर भीड़-भाड़ के कारण हुई, क्योंकि कई लंबी दूरी ट्रेनें एकसाथ आ और जा रही थीं, विशेष रूप से दिल्ली-प्रयागराज मार्ग पर महाकुंभ के समय। कोर्ट ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया कि वह इस मामले की जांच करे और उठाए गए कदमों पर एक हलफनामा दाखिल करे। अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी। कोर्ट ने इस याचिका में रेलवे अधिनियम के प्रावधानों को सही तरीके से लागू न होने को लेकर चिंता जताई।

## शक्तिशाली रडार की तैनाती कर हवाई रक्षा क्षमताएं बढ़ाएगी सेना, इस मिसाइल सिस्टम को शामिल करने की तैयारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आर्मी एयर डिफेंस कोर के पास एल70, जू-23मिमी, शिल्का, तांगुस्का और ओसा-एके



मिसाइल प्रणाली जैसी विभिन्न प्रकार की मिसाइल प्रणालियां और तोपें हैं। सेना हवाई रक्षा (एडी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने कहा, तोपों का चलन वापस आ गया है। सेना ने अच्छे कारणों से इन्हें बनाए रखा है। ड्रोन और अन्य विध्वंसक टेक्नोलॉजी के कारण युद्ध के बदलते स्वरूप के बीच भारतीय सेना भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाएगी। आर्मी एयर डिफेंस (एडी) कोर ने मौजूदा हवाई रक्षा तोपों के लिए नए गोला-बारूद को शामिल करने और अधिक शक्तिशाली रडार की तैनाती के जरिये अपनी क्षमताएं बढ़ाने का खाका तैयार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि सेना को स्वदेशी रूप से विकसित सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (क्यूआरएसएएम) प्रणाली के संबंध में अनुबंध की उम्मीद है। आर्मी एयर डिफेंस कोर के पास एल70, जू-23मिमी, शिल्का, तांगुस्का और ओसा-एके मिसाइल प्रणाली जैसी विभिन्न प्रकार की मिसाइल प्रणालियां और तोपें हैं। सेना हवाई रक्षा (एडी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने कहा, तोपों का चलन वापस आ गया है। सेना ने अच्छे कारणों से इन्हें बनाए रखा है। आत्मनिर्भर भारत पर जोर देते हुए कुन्हा ने आधुनिकीकरण की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने आगाह किया कि भारतीय उद्योग को कम समयसीमा में आपूर्ति की पेशकश करनी चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि एडी शुरू में प्रादेशिक सेना का हिस्सा थी। उसे बाद में 1994 में इससे अलग कर दिया गया। एडी हवाई खतरे को उसके आने से पहले नष्ट करने का काम करती है।

## महाराष्ट्र से कर्नाटक जाने वाली बसों पर लगी रोक, बंगलूरू से मुंबई जा रही बस पर हमले के बाद फैसला


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**कर्नाटक में मराठी में बात न करने पर रोडवेज बस के कंडक्टर पर हमले के विरोध में कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पर हमला कर दिया। कार्यकर्ताओं ने बस को रोककर चालक के चेहरे पर कालिख पोत दी। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक जाने वाली एमएसआरटीसी की बसों पर जा रही महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस पर हमला किया।महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि विरोधियों ने ड्राइवर भास्कर जाधव का चेहरा भी काला कर दिया और उसके साथ मारपीट भी की। हमले को लेकर कर्नाटक में पुलिस मामला दर्ज किया गया है। इसके बाद परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने पड़ोसी राज्य कर्नाटक जाने वाली एमएसआरटीसी की बसों को



रोक लगा दी है। कर्नाटक में मराठी में बात न करने पर रोडवेज बस के कंडक्टर पर हमले के विरोध में कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस पर हमला कर दिया। कार्यकर्ताओं ने बस को रोककर चालक के चेहरे पर कालिख पोत दी। साथ ही मारपीट की। इसके बाद महाराष्ट्र सरकार ने कर्नाटक जाने वाली एमएसआरटीसी की बसों पर रोक लगा दी है। दरअसल, कर्नाटक में महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी जिला मुख्यालय शहर के बाहरी इलाके में राज्य परिवहन निगम की बस के कंडक्टर (परिचालक) पर मराठी में यात्री को जवाब न देने पर हमला कर दिया गया था। इसके विरोध में चित्रदुर्ग में कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने बंगलूरू से मुंबई निलंबित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जब तक कर्नाटक सरकार इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट नहीं करती, तब तक कर्नाटक के लिए बस सेवाएं बहाल नहीं की जाएंगी। कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने शनिवार को बेलगावी-बागलकोट मार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और पुतले जलाए। उन्हें पुलिस वैन में ले जाया गया। कार्यकर्ताओं ने मरिहाल पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन किया और कंडक्टर पर कथित हमले की निंदा की तथा उसके खिलाफ दर्ज मामले को झूठा बताया। पुलिस ने उन्हें भी मौके से उठा लिया। कर्नाटक में राज्य परिवहन निगम की बस के कंडक्टर (परिचालक) पर मराठी में जवाब न देने पर यात्री ने हमला कर दिया था। कंडक्टर महादेवप्पा मल्लप्पा हुक्केरी ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि सुलेभवी गांव में अपने पुरुष साथी के साथ बस में चढ़ी एक लड़की मराठी में बोल रही थी। हुक्केरी ने कहा कि उसने उससे कहा कि उसे मराठी नहीं आती और उसने उससे कन्नड़ में बात करने को कहा। कंडक्टर ने कहा, 'जब मैंने कहा कि मुझे मराठी नहीं आती, तो लड़की ने मुझे गाली देते हुए कहा कि मुझे मराठी सीखनी चाहिए। अचानक बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और मुझ पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घायल बस कंडक्टर को बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। उसे मामूली चोटें आई हैं और वह खतरे से बाहर है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हमने कंडक्टर पर हमला करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं 14 वर्षीय लड़की की शिकायत के आधार पर कंडक्टर के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (इ्ष्ण्एध्) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। परिचालक पर लड़की के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं और देखेंगे कि सच्चाई क्या है। हम कानून के अनुसार कार्रवाई करेंगे। जांच के दौरान हम बस में सवार अन्य यात्रियों से बयान लेंगे। बेलगावी पुलिस कमिश्नर इदा मार्टिन मार्बनियांग ने कहा कि सीमा विवाद के कारण इस क्षेत्र में लंबे समय से तनाव बना हुआ है और ऐसी घटना से समस्या उत्पन्न हो सकती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पड़ोसी जिले के एसपी से बात की है। इस मामले को जांच के जरिये सुलझाया जा सकता है। इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। सभी को शांति बनाए रखनी चाहिए।

## सामूहिक विवाह समारोह में इंतजार करते रह गए दूल्हे-दुल्हन; नहीं पहुंचे आयोजक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जब 28 जोड़ों के परिवार समारोह स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें यह देखकर झटका लगा



कि आयोजकों ने कोई व्यवस्था नहीं की थी और उनके फोन बंद थे। सहायक पुलिस आयुक्त राधिका भराई ने बताया कि परिवारों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। राजकोट में आयोजित एक सामूहिक विवाह समारोह में 50 से अधिक दुल्हन और दूल्हों की उम्मीदें उस समय धूल में मिल गईं, जब आयोजक समारोह स्थल पर पहुंचे ही नहीं। परिवारों ने दावा किया कि आयोजकों ने समारोह की व्यवस्था के लिए प्रत्येक पक्ष से 15,000 रुपये लिए थे। आयोजकों ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार देने का भी वादा किया था। हालांकि, पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए कम से कम छह जोड़ों का समारोह स्थल पर विवाह करवाया।जब 28 जोड़ों के परिवार समारोह स्थल पर पहुंचे, तो उन्हें यह देखकर झटका लगा कि आयोजकों ने कोई व्यवस्था नहीं की थी और उनके फोन बंद थे। सहायक पुलिस आयुक्त राधिका भराई ने बताया कि परिवारों ने हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया। पुलिस ने विवाह समारोह पूरा करने की जिम्मेदारी ली और वापस जा चुके दूल्हों को वापस बुलाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कई जोड़े पास के मंदिरों और अन्य स्थानों पर शादी करने के लिए चले गए, लेकिन समारोह स्थल पर मौजूद छह जोड़ों का विवाह पुलिस ने करवाया। परिवारों के आरोपों के आधार पर आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी में शामिल होने आई शिल्पाबेन बगथारिया ने बताया कि आयोजकों ने पैसे लेने के बावजूद कोई व्यवस्था नहीं की। इससे लोगों की उम्मीदें टूट गईं। विवाह कराने आए पुजारी भी वापस चले गए।

## पार्टी में क्या है मेरी भूमिका' कांग्रेस में अनदेखी पर शशि थरूर ने राहुल गांधी से किया सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में राहुल से मुलाकात के दौरान थरूर ने पार्टी में अपनी अनदेखी और संसद में किसी भी प्रमुख बहस में उन्हें



शामिल नहीं किए जाने पर शिकायत की थी। बैठक के बाद थरूर ने तो सबकुछ ठीक होने का दावा किया, लेकिन सूत्रों के मुताबिक कुछ भी ठीक नहीं है। कांग्रेस में हाशिये पर चल रहे सांसद शशि थरूर ने राहुल गांधी से पार्टी में अपनी भूमिका के बारे में पूछा है। हालांकि उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा और केरल में वाममोर्चा सरकार की सराहना करने के बाद से ही थरूर कांग्रेस नेताओं के निशाने पर आ गए हैं और पार्टी में उनकी अनदेखी की जा रही है। हाल ही में राहुल से मुलाकात के दौरान थरूर ने पार्टी में अपनी अनदेखी और संसद में किसी भी प्रमुख बहस में उन्हें शामिल नहीं किए जाने पर शिकायत की थी। बैठक के बाद थरूर ने तो सबकुछ ठीक होने का दावा किया, लेकिन सूत्रों के मुताबिक कुछ भी ठीक नहीं है। थरूर ने राहुल के सामने जितने भी सवाल उठाए और उन पर स्पष्ट जवाब मांगा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की तरफ से उनमें से किसी भी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया। थरूर ने पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे और केरल सरकार की ओर से उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने की सराहना की थी, जो कांग्रेस को रास नहीं आई। कांग्रेस ने पीएम की अमेरिकी दौरे की आलोचना की थी। वहीं, केरल में प्रदेश कांग्रेस पार्टी खुलकर वाममोर्चा सरकार की आलोचना करती है। सूत्रों के अनुसार, थरूर ने राहुल से मुलाकात के दौरान उन्हें ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस से बाहर किए जाने पर भी असंतोष जताया था, जिसका गठन उन्होंने ही किया था। उन्होंने यह भी पूछा था कि अगले साल केरल में होने वाले विधानसभा चुनाव में क्या पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाएगी। इस पर राहुल ने कहा कि पार्टी ने कोई सीएम चेहरा घोषित नहीं करने का फैसला किया है।

## बागेश्वर में चिकित्सा संस्थान की आधारशिला रखेंगे पीएम नरेंद्र मोदी; तीन राज्यों का करेंगे दौरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री बागेश्वर में बालाजी के दर्शन करेंगे और पूजा-अर्चना के बाद बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। यह कैंसर संस्थान 200 करोड़ की



लागत से तैयार होगा। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर बागेश्वर धाम में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से मध्यप्रदेश, बिहार और असम के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह मध्य प्रदेश में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और बिहार में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को नकद सहायता की 19वीं किस्त जारी करेंगे। पीएम मोदी के दौरे की शुरुआत रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम से होगी।प्रधानमंत्री बागेश्वर में बालाजी के दर्शन करेंगे और पूजा-अर्चना के बाद बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। यह कैंसर संस्थान 200 करोड़ की लागत से तैयार होगा। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर बागेश्वर धाम में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने शनिवार को कहा कि पूरा बुंदेलखंड उत्साहित है और इस ऐतिहासिक क्षण का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पीएमओ की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, पीएम मोदी सोमवार को भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। यह सम्मेलन मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा और इसमें विभागीय शिखर सम्मेलन, फार्मा और चिकित्सा उपकरण, परिवहन और साजो सामान, उद्योग, कौशल विकास, पर्यटन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर विशेष सत्र होंगे। इसमें प्रमुख साझेदार देशों के लिए विशेष सत्रों के अलावा ग्लोबल साउथ के देशों, लैटिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय सत्र भी शामिल होंगे। बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन के दौरान तीन प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी। 60 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारी और भारत के 300 से अधिक कारोबारी तथा नीति-निर्माता इस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।प्रधानमंत्री सोमवार को ही भागलपुर में पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करने के अलावा बिहार के लिए विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। वह सोमवार शाम ही असम में सांस्कृतिक कार्यक्रम झुमोर बिनंदिनी में शरीक होंगे। झुमोर नृत्य असम चाय जनजाति और असम की अनुसूचित जनजातियों का एक लोक नृत्य है, जो समावेशिता, एकता और सांस्कृतिक गौरव की भावना को दर्शाता है। यह कार्यक्रम चाय उद्योग के 200 वर्षों और असम में औद्योगीकरण के 200 वर्षों का प्रतीक होगा। वह मंगलवार को गुवाहाटी में एडवांटेज असम निवेश और बुनियादी ढांचा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

## नौकरी लगवाने के एवज में मांगी 15 लाख रुपये रिश्वत, रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रेलवे में एक व्यक्ति को 15 लाख रुपये के बदले में नौकरी दिलाने के लिए भर्ती परीक्षा



में हेराफेरी करने के आरोप में सीबीआई ने तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय रेलवे के सतर्कता विभाग से मिली जानकारी के आधार पर एजेंसी ने यह कार्रवाई की। रेलवे में एक व्यक्ति को 15 लाख रुपये के बदले में नौकरी दिलाने के लिए भर्ती परीक्षा में हेराफेरी करने के आरोप में सीबीआई ने तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय रेलवे के सतर्कता विभाग से मिली जानकारी के आधार पर एजेंसी ने यह कार्रवाई की।

## जोमी और कुकी समुदाय ने लौटाए लूट के हथियार, कोकोमी ने मांगा समय; छह उग्रवादियों समेत आठ लोग गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मणिपुर के राज्यपाल की अपील पर जोमी और कुकी समुदाय के प्रतिनिधियों ने लूटे गए 16 हथियार और गोला-बारूद सुरक्षा बलों को सौंपे। वहीं, कोकोमी ने हथियार लौटाने के लिए और समय की मांग की। वहीं, सुरक्षा बलों ने छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए।



मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील पर जोमी और कुकी समुदाय के प्रतिनिधियों ने चुराचंदपुर में असम राइफल्स, सीआरपीएफ, राज्य प्रशासन, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लूट के 16 हथियार और गोला-बारूद लौटा दिए। 20 फरवरी को राज्यपाल ने मणिपुर के सभी समुदायों से अपील की थी कि वे लूटे गए पुलिस हथियार के अलावा अवैध रूप से रखे गए हथियार 7 दिनों के भीतर सौंप दें। उन्होंने चेतावनी दी थी कि ऐसा नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्यपाल की अपील के बाद सुरक्षाबलों ने राज्य खुफिया एजेंसियों और प्रशासन के साथ मिलकर स्थानीय जोमी और कुकी नेताओं से संपर्क किया, ताकि राज्य में शांति बहाली के लिए सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर किया जा सके। शनिवार को चुराचंदपुर में दो समुदायों से जुड़े लोगों ने बड़ी संख्या में लूट के हथियार लौटा दिए। अधिकारियों ने इस कदम की सराहना की और इसे शांति निर्माण प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नाविकों की रक्षा के लिए मित्र देशों के बीच तालमेल जरूरी' तटरक्षक बल का बचाव समन्वय प्रशिक्षण पर जोर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पश्चिम तटरक्षक क्षेत्र के चीफ ऑफ स्टाफ वी अनबरसन ने शनिवार को समुद्र में नाविकों की सुरक्षा के लिए मित्र देशों के बीच तालमेल और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अनबरसन ने कहा कि समुद्र में नाविकों की सुरक्षा के ठसाझा और वैश्विक उद्देश्यठ को प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता है। पश्चिम तटरक्षक क्षेत्र के चीफ ऑफ स्टाफ वी अनबरसन ने शनिवार को समुद्र में नाविकों की सुरक्षा के लिए मित्र देशों के बीच तालमेल और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। वे 'एमआरसीसी ओपीएस एंड एसएआर' पाठ्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे, जिसका





आयोजन समुद्री बचाव समन्वय (एमआरसीसी) मुंबई द्वारा किया गया था। अनबरसन ने कहा कि समुद्र में नाविकों की सुरक्षा के ठसाझा और वैश्विक उद्देश्यठ को प्राप्त करने के लिए विभिन्न देशों के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खोज और बचाव (एसएआर) समन्वय प्रशिक्षण का यह पाठ्यक्रम इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि इस पाठ्यक्रम में समुद्र में खोज और बचाव के संचालन को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षकों को आवश्यक तकनीकी जानकारी दी जाती है। 'एमआरसीसी ओपीएस एंड एसएआर' पर यह एक सप्ताह का अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम छह देशों - बांग्लादेश, मालदीव, म्यांमार, ओमान, सेशेल्स और श्रीलंका के 22 प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित किया गया था। साथ ही यह पाठ्यक्रम भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) और विदेश मंत्रालय के तहत आयोजित किया जाता है। इसमें समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर) योजना, समन्वय, डेटा की गणना, खोज योजना विकास, उपग्रह-सहायता प्राप्त संचालन और केस स्टडी जैसी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले विदेशी प्रशिक्षुओं को तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय (पश्चिम), भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) और महानिदेशक (शिपिंग) में एमआरसीसी की सुविधाओं का दौरा भी कराया गया, जहां उन्हें ऑन-साइट व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।गौरतलब है कि यह पाठ्यक्रम 2021 में शुरू हुआ था, जिसमें 4 देशों के 15 प्रतिभागी थे, जबकि इस बार 22 प्रतिभागी थे, जो अब तक का सबसे अधिक है।

डाक पंजीयन नं.AD-326/2024-2026 -website:www.aadhuniksamachar.com- E-mail:-adhuniksamachar2024@gmail.com आधुनिक समाचार









# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगम में लगाई पावन डुबकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** जेपी नड्डा ने परिवार समेत किया त्रिवेणी संगम में स्नान, सीएम योगी भी रहे संग नड्डा परिवार ने गंगा मइया को नारियल, चुनरी अर्पित कर की लोककल्याण की कामना बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और नंद गोपाल नंदी ने भी किया पावन स्नान स्नानोपरांत सभी ने विधि-विधान के साथ की गंगा मइया की पूजा-अर्चना अरैल घाट पर सभी नेताओं ने साइबेरियन पक्षियों को खिलाया दाना अक्षयवट का किया दर्शन, बड़े हनुमान मंदिर में विधि विधान से की पूजा-अर्चना महाकुम्भ नगर पवित्र त्रिवेणी संगम में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और सतुआ बाबा संग भी संगम स्नान किया। वहीं नड्डा परिवार ने गंगा मइया को चुनरी अर्पित करके लोककल्याण की कामना भी की। जेपी नड्डा परिवार समेत शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां महाकुम्भ नगर के त्रिवेणी संकुल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इसके उपरांत सभी नेतागण अरैल घाट से फ्लोटिंग जेटी के जरिए संगम पहुंचे। यहां बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अपने परिवार के साथ साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। इसके बाद उन्होंने सबसे पहले भाजपा नेताओं संग सामूहिक रूप से संगम स्नान किया, तदोपरांत पत्नी एवं परिजनों संग विधि-विधान से संगम में पावन डुबकी लगाई। इस दौरान संगम स्नान करने पहुंची जनता ने भी बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जय श्रीराम और गंगा मइया की जय के जयघोष से अभिवावदन किया। स्नानोपरांत नड्डा परिवार, सीएम योगी और बीजेपी के अन्य नेताओं ने विधि-विधान के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता के कल्याण की कामना की। यहां से सभी नेतागण बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां लेटे हनुमान जी की साविधि पूजा-अर्चना की। वहीं इसके बाद सभी ने अक्षयवट के भी दर्शन-पूजन किये।



## प्रदेश के सभी शहरों के लिए चलीं रोडवेज की बसें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के पहले संगमनगरी में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। शनिवार को संगम जाने वाले सभी रास्ते पैक रहे। इसी के साथ वापसी करने वालों के लिए अस्थायी बस स्टेशनों से सभी जिलों के लिए बसों का संचालन शुरू हो गया हैमहाशिवरात्रि के पहले संगमनगरी में भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। शनिवार को संगम जाने वाले सभी रास्ते पैक रहे। इसी के साथ वापसी करने वालों के लिए अस्थायी बस स्टेशनों से सभी जिलों के लिए बसों का संचालन शुरू हो गया है। स्नान पर्व एवं उसके आसपास की तिथियों में सभी जिलों के लिए प्रयागराज से बसें संचालित की जाती रहीं हैं। लेकिन अंतिम स्नान पर्व के पूर्व उमड़ी भीड़ की वजह से यूपी रोडवेज ने सभी जिलों के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू कर दिया है। पश्चिमी यूपी के लिए रोडवेज का विशेष फोकस है। यूपी रोडवेज के सहारनपुर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली रीजन के लिए न्यूनतम 25 बसें चलाई जानी शुरू की गई हैं।पूर्वी यूपी के वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, देवीपाटन रीजन के लिए भी ज्यादा से ज्यादा बस चलाने का निर्देश अफसरों ने दिया है।

## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ।** विधिक सहायता एवं सेवा केंद्र सी एम पी डिग्री कॉलेज ने महाकुंभ मेले में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलता पूर्वक आयोजन किया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुंभ मेला में स्थित कैंप में यह आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी आन लाइन तथा आफ लाइन दोनों माध्यम में आयोजित किया गया। इस सेमिनार में श्रीमान अशोक मेहता,डॉ खालिद तथा रूस के भौतिक शास्त्री वैज्ञानिक माइखेल बागले ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। यह सेमिनार चार भागो में आयोजित किया गया । प्रथम सत्र की अध्यक्षता सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश कुमार गौतम ने किया । प्रो. एस के गुप्ता ने आनलाइन सेमिनार को संबोधित किया । प्रो. गुप्ता ने ठगीता की प्रासंगिकता वर्तमान विधिक व्यवस्था के संदर्भ मेंठ विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि गीता की प्रासंगिकता न तो कभी कम हुई है न ही कभी कम होगी। गीता के सिद्धांतों को सही तरीके से लागू करने की आवश्यकता हैऔर मुख्य अतिथि मा.न्यायमुर्ति श्री जे.जे मुनीर थे। मुख्य वक्ता श्री मेहता ने कहा कि कानूनी शिक्षा व्यापार नही है। मुख्य अतिथि व्याभुति मुनीर के विधि तथा अध्यात्मिकता के सम्वन्ध को बताया । रूस से आये वैज्ञानिक ने 'विज्ञान आध्यात्मिकता के लिएठ विषय पर प्रकाश डाला। संयोजक डॉ आर डी किशोर ने विधि के विद्यार्थीयों को साथ लेकर विधिक जागरुकता कैम्प किया इस अवसर पर जिला विधिक प्राधिकरण के सभी कर्मचारी तथा विधि विभाग के सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे।



## महाकुंभ 2025 में जहां आस्था धर्म और आध्यात्मिक की पवित्र डुबकी लगाने विश्व भर से श्रद्धालु आ रहे हैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में जहां आस्था धर्म और आध्यात्मिक की पवित्र डुबकी लगाने विश्व भर से श्रद्धालु आ रहे हैं वही हिंदुस्तान के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के मंच के माध्यम से इस पावन धरा को संगीतमय बना दिया है जहां एक तरफ अंतरराष्ट्रीय गायक शंकर महादेवन ,हरिहरन डॉ कुमार विश्वास जैसे कलाकारों ने प्रयाग के पावन गंगा जमुना सरस्वती जैसे मंचों पर आकर अपनी शिरकत की वहीं बीती शाम यमुना मंच पर कैलाश खेर जैसे अंतरराष्ट्रीय गायक और सरस्वती मंच पर प्रयागराज की धरती से देश भर में अपनी पहचान बनाने वाले प्रियांशु श्रीवास्तव एवं आशीष शर्मा युगल गायको की जोड़ी ने विश्व भर से आए श्रद्धालुओं के मध्य अपनी प्रस्तुतियों से सुरों से संगीत के इस पवित्र संगम में डुबकी लगाई यमुना पंडाल पर कैलाश खेर जी को सुनने के लिए काफी अधिक संख्या में श्रद्धालु और दर्शकों की भीड़ देखने को मिली वही सरस्वती मंच पर प्रियांशु और आशीष ने ठये प्रयागराज है।



# अगले चार दिन महत्वपूर्ण, अफसरों ने संभाली कमान, एडीजी और मंडलायुक्तों को भी अहम जिम्मेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** महाकुंभ आयोजन के आखिरी दिनों में मेला एवं जिला प्रशासन की चुनौती बढ़ गई है। शनिवार को हर तरफ से स्नानार्थियों का रेला आया। महाशिवरात्रि तक यह सिलसिला और तेज होने की उम्मीद है महाकुंभ आयोजन के आखिरी दिनों में मेला एवं जिला प्रशासन की चुनौती बढ़ गई है। शनिवार को हर तरफ से स्नानार्थियों का रेला आया। महाशिवरात्रि तक यह सिलसिला और तेज होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए अफसरों ने कमान संभाल ली है और शनिवार को हर प्रमुख स्थलों का निरीक्षण किया।उम्मीद से कहीं अधिक वाहन तथा श्रद्धालुओं के आने के कारण प्रयागराज के सीमावर्ती क्षेत्रों में जाम की समस्या खड़ी हो गई है। ऐसे में एडीजी जोन भानु भाष्कर एवं मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस के अफसरों के साथ लगातार संपर्क में हैं।डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ का कहना है कि आखिरी स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पहले संगम में स्नान की इच्छा से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में लोग आ रहे हैं। वीकएंड एवं प्रमुख स्नान पर्व के पूर्व के दिनों में जुटने वाली अपार भीड़ के कुशल प्रबंधन के लिए पूरी तैयारी है।रेलवे, ट्रैफिक डायवर्जन, पार्किंग समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए विधिवत प्लान तैयार कर धरातल पर उतारा जा रहा है। इसे समुचित तरीके से लागू करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों ने सक्रियता बढ़ा दी है। डीएम ने बताया कि श्रद्धालुओं से भी व्यवस्था की बाबत फीडबैक लिए जा रहे हैं। ताकि, योजनाएं लागू करने में मदद मिले। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं सभी का अनुभव अच्छा रहे इसके लिए खुद सीएम योगी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ऐसे में, पड़ोसी जिलों के साथ समन्वय व तालमेल स्थापित किया जा रहा है। डीएम ने बताया कि कहीं पर भी डायवर्जन को लागू करने के लिए डीएम, एसपी से भी लगातार संवाद बना हुआ है। महाशिवरात्रि पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए एक एडीजी व पांच आईजी स्तर के अधिकारियों को मैदान में उतारा गया है। यह अफसर प्रयागराज की ओर आने वाले सात अलग-अलग मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालेंगे। सतत निगरानी कर सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी दशा में श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी तरह की दिक्कत न हो। कुछ समय पहले तक प्रयागराज रेंज में तैनात रहे 2004 बैच के आईपीएस चंद्रप्रकाश को प्रयागराज-वाराणसी मार्ग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह डीजीपी मुख्यालय से अटैच आईजी प्रीतिंदर सिंह को प्रयागराज-रीवा राजमार्ग की ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए निर्देशित किया गया है। 2003 बैच के आईपीएस आईजी राजेश मोदक को शहर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए तैनात किया गया हवह अभी आईजी सीबीसीआईडी के पद पर तैनात हैं। इसी तरह आईजी विजिलेंस व 2005 बैच की आईपीएस मंजिल सैनी लखनऊ व अयोध्या-प्रतापगढ़ मार्ग की यातायात व्यवस्था को देखेंगी। यह सभी आईजी स्तर के अधिकारी हैं। इसी तरह एडीजी सुजीत पांडेय को प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग की यातायात व्यवस्था संभालने के लिए भेजा गया है। महाशिवरात्रि पर जनपद में ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक प्लानिंग में बदलाव किया गया है। एक दिन पहले मेला क्षेत्र में पहुंचे डीजीपी प्रशांत कुमार ने यह जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि जनपद की ओर आने वाले सात प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने के लिए वरिष्ठ पुलिस अफसर तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर ऐसे बिंदु चिह्नित किए गए हैं, जहां पर जाम लगता है या ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



श्री महन्त

अग्निशमन सुरक्षा अधिकारी नैनी, प्रयागराज


नोट: फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity



# प्रदेश आस/पास



भारत

## राजधानी लखनऊ में अजंता फुटकेयर का चौथे स्टोर का हुआ शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** समाजसेविका खुशी पांडे व आइना महिला प्रदेश अध्यक्षा गुरमीत कौर द्वारा फीता काट कर व दीप प्रज्वलित करके अजंता फुटकेयर का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर अजंता फुटकेयर के रिटेल हेड -तथागत दासगुप्ता, मार्केटिंग सहयोग-सजल दास, रिटेल मैनेजर- सुभासिस चटर्जी, एरिया मैनेजर(यूपी)-अर्पण श्रीवास्तव रीजनल मैनेजर सभी मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज सेविका खुशी पांडे ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा शोरूम है और बहुत ही अच्छे जगह खोला गया है, उन्होंने साथ ही साथ अजंता फुटकेयर वालों को बधाई देते हुए कहा कि आपके शोरूम की वैराइटीज बहुत अच्छी है और वह भी अजंता फुट केयर के लिए लोगों को कहेंगे और बताएंगे इसी क्रम में उन्होंने वहां से मार्केटिंग भी की। अजंता फुट केयर के रिटेल हेड दासगुप्ता जी ने बताया कि हमारे यहां हर तरह की रेंज उपलब्ध है और शुरुआती दिनों में आने वाले ग्राहकों के लिए हम कुछ डिस्काउंट भी रखेंगे और समय-समय पर नई स्कीम्स लाते रहेंगे जिससे कि लोगों को इसका लाभ मिल सके। साथ ही यह भी बताया कि हमारी कंपनी उत्तर प्रदेश में लगातार मेहनत कर रही है यह कोलकाता की कंपनी है जो की सन 1956 से कस्टमर को उचित मूल्य पर बेहतर सामान देकर कस्टमर में भरोसा बनाए हुए हैं हम सभी से निवेदन करेंगे की एक बार स्टोर पर जरुर विजिट करें आपका सहयोग ही हमारी ताकत है कार्यक्रम में कई वरिष्ठ समाजसेवी के साथ आल इंडिया न्यूज़ पेपर एसोसिएशन की टीम भी मौजूद रही

## श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई एक की मौत, पांच लोग घायल; बिहार से जा रहे थे महाकुंभ नहाने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** स्कॉर्पियो को पेड़ से टकराने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी।



घायलों को अस्पताल भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सभी प्रयागराज स्नान करने जा रहे थे महाकुंभ (प्रयागराज) स्नान करने बिहार से जा रहे श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो गाजीपुर में अनियंत्रित हो गई। रविवार की सुबह टहलने निकले युवक को कुचलते हुए एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में युवक की मौत हो गई। वहीं, स्कॉर्पियो में सवार नौ श्रद्धालुओं में पांच घायल हो गए हैं, जिन्हें मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।स्कॉर्पियो सवार नौ श्रद्धालु पटना बिहार से महाकुंभ स्नान स्नान के लिए प्रयागराज जाने के लिए निकले थे। सभी सुबह करीब 6.15 बजे नोनहरा थाना क्षेत्र के सुसंडी चौराहा स्थित पुलिया के पास पहुंचे।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर टहल रहे सुसंडी निवासी संदीप कुमार (19) को कुचलते हुए पेड़ में टकरा गई। इससे संदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार लंगर टोली गली पटना निवासी राधा देवी (50), मंजू वर्मा (40), सिपाड़ा पटना निवासी सुचिता देवी पत्नी (65), सोनी वर्मा और आशीष सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय पुलिस द्वारा महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज गाजीपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतक संदीप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अज्ञात वाहन ने रौंदा, एक-एक कर थम गईं सांसें; परिजनों में कोहराम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** मिर्जापुर के अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग स्थित ऊसरापर (पथरौरा) पर बीती रात करीब एक बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीन






युवकों की मौके पर मौत हो गई। गस्त पर निकली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त में जुटी गई। खबर लिखे जाने तक दो युवकों की शिनाख्त हुई थी।जानकारी के अनुसार, अदलहाट थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी शिव पूजन (22) पुत्र राजकुमार और विकास (20) पुत्र मिठाई अपने एक एक अन्य परिचित के साथ कौड़ियांकला से रात करीब एक बजे पैदल ही घर लौट रहे थे।रास्ते में उसरापर (पथरौर) के पास किसी अज्ञात वाहन ने तीनों युवकों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि तीनों युवक मजदूरी करते थे। वे अपने-अपने काम से कर घर लौट रहे थे। सीओ मंजरी राव मौके पर पहुंच जांच में जुट गई थीं।

## एनआईए करेगी बीएचयू के पूर्व छात्र से पूछताछ, आरोपी को कुशीनगर बुलाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** आरोप ने तीन साल पहले बीएचयू से लिंग्विस्टिक विषय में एमए किया था। छात्र पर आरोप है कि उससे माओवादियों से संबंध है। इससे संबंधित जांच आगे बढ़ाई एनआईए ने दिसंबर 2024 में पहली बार नेशनल रीजनल ब्यूरो (एनआरबी) के 5 राज्यों के 10 स्थानों को संदिग्ध बताया था। इनमें यूपी के आजमगढ़ और बिहार के पटना की 1-1 लोकेशन, पंजाब में है। एनआईए के पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नाम से एक नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक पुराने केस से आप परिचित ही होंगे। इसकी जांच की जा रही है। इसी मामले में 23








जा रही है नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) बीएचयू से तीन साल पहले लिंग्विस्टिक विषय में एमए करने वाले विनय कुमार शर्मा से रविवार को पूछताछ करेगी। विनय को कुशीनगर के पटहेरवा थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक माओवादियों से संबंध और संपर्क से संबंधित जांच आगे बढ़ाई जा रही है। विनय बीएचयू के भगत सिंह छात्र मोर्चा का अध्यक्ष रह चुका है। फिलहाल, बनारस में स्टूडेंट एक्टिविस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा है। एनआईए के मुताबिक, इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान की मौजूदगी में विनय से पूछताछ की जाएगी। पटियाला व श्री मुख्तार साहिब में दो स्थान, हरियाणा में मानेसर और गुरुग्राम में कुल चार स्थान और दिल्ली में दो स्थान शामिल थे। ऐसे ही मामले में विनय से पूछताछ की जानी है। छात्रों ने कहा- भीमा कोरेगांव जैसा बन रहा केस : बीएचयू में भगत सिंह छात्र मोर्चा से जुड़े छात्रों ने पूछताछ पर सवाल उठाया। कहा कि यह सरकार दमन कर रही है। इसे लखनऊ कॉन्सपिरेसी केस कहा जा सकता है। लखनऊ में रजिस्टर्ड इस फर्जी एफआईआर के माध्यम से बुद्धिजीवियों, एक्टिविस्ट, वकील, स्टूडेंट्स आदि को फंसाने का प्रयास चल रहा है। भीमा कोरेगांव जैसा ही एक केस तैयार किया जा रहा फरवरी को कुछ सवालों के जवाब देने के लिए कुशीनगर के पटहेरवा थाने में उपस्थित होना होगा। उपस्थिति सुबह 10 बजे तक हो जाए। विनय मूल रूप से कुशीनगर का ही रहने वाला है।छात्र विनय ने कहा कि उसके घर पर कई बार पुलिस दबिश दे चुकी है। परिजनों को परेशान किया जा रहा। स्पष्ट रूप में इस तरह का नोटिस भेज कर पूछताछ करना सरकार के खिलाफ मुखर आवाज को दबाने की एक साजिश है विनय ने कहा कि उसने कई साल एक स्टूडेंट एक्टिविस्ट के तौर पर बीएचयू में काम किया है। वाराणसी में राजनैतिक कार्यकर्ता के रूप में आंदोलन और कार्यक्रमों में शामिल रहता है।

## तीन दिन में लगातार 5 सड़क हादसे, छह लोगों की मौत; 4 बच्चों समेत 37 लोग घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में तीन दिन में लगभग पांच हादसे हो चुके हैं। रूपापुर, डंगहरिया और खोचवां गांव के हाइवे पर हुए हादसे में 37 लोग घायल हो चुके हैं। रविवार को भी नेशनल हाईवे पर चलती पिकअप में पीछे से एक तेज रफ्तार कार जा भिड़ी।मिर्जामुराद थाना क्षेत्र में तीन दिन में पांच अलग-अलग जगह सड़क हादसों में चार बच्चों समेत 37 लोग घायल हो गए। वहीं, छह लोगों की मौत हो चुकी है। सूचना पाकर मिर्जामुराद थाने की पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।रूपापुर गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की आधी रात कार और मैजिक में टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार झारखंड के कोडरमा के दूधीमाटी निवासी संतोष शर्मा, मंजू देवी, श्वेता शर्मा, अंजली शर्मा व खुशबू कुमारी घायल हो गई। इसी तरह से मैजिक सवार चौबेपुर थाना क्षेत्र के राजपुर कमौली के चालक संतोष कुमार राय, राज राय, सचिन, सोनम, माला, सानिया, आदर्श, सीमा, पांचू राय, अर्जुन, अमित व शुभम घायल हुए हैं। वहीं, शनिवार की सुबह कछवा रोड से वाराणसी की तरफ जा रही स्कूटी सवार छतेरी की सोनी देवी एक कार की चपेट में आकर गंभीर रूप







से घायल हो गई। उधर, डंगहरिया गांव के समीप नेशनल हाईवे पर वाराणसी से प्रयागराज जाते समय एक कार को उसी दिशा में जा रही दूसरी कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में महिला और चार बच्चे गंभीर रूप से घायल गए।बाबतपुर बाजार के समीप पांच फरवरी की रात सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। असवालपुर पिंडरा निवासी अभिषेक कुमार पांडेय अपनी बुलेट बाइक से घर जा रहे थे।उसी दौरान बाबतपुर बाजार के समीप एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। सूचना पाकर बड़ागांव थाने की पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। अभिषेक के पिता शिवनारायण पांडेय ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बड़ागांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मिर्जामुराद। रूपापुर (भेड़हरा) गांव के समीप नेशनल हाईवे पर ट्रक के पीछे टकराई क्रूजर जीप में सवार सुलोचना (50) की उपचार के दौरान शुक्रवार की देर रात बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई।

## होली पर धंधेबाजों की तैयारी गोरखपुर में 10 क्विंटल पकड़ा गया खोवा- व्यापारी 'लापता'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** खोवा को छह लोगों के नाम से मंगाया गया था, जिसमें से दोपहर बाद केवल एक व्यक्ति खाद्य सुरक्षा विभाग के ऑफिस पहुंचा और अपना चार गत्ता माल ले गया। शेष माल विभाग के दफ्तर में रखा है। सोमवार तक कोई दावेदार नहीं आया तो सैंपल लेकर सारा माल नष्ट कराया जाएगा।गोरखपुर में होली को लेकर धंधेबाजों ने भी तैयारी शुरू कर दी है। पहले ही बड़े पैमाने पर कानपुर की मंडी से खोवा मंगाया जाने लगा है। शनिवार सुबह करीब छह बजे रेलवे बस स्टेशन के सामने अलग-अलग बसों से 14 बोरा खोवा उतारा गया, जिनका वजन लगभग 10 क्विंटल है।गोरखपुर समेत आसपास के जिलों में कानपुर से खोवा की बड़ी खेप आती है। इसमें असली के साथ ही मिलावटी खोवा भी होता है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम शनिवार सुबह करीब पांच बजे खोवा की तलाश में बस स्टेशन पहुंच गई। वहां पहुंच रही कानपुर की बसों से सड़क के किनारे बोरे उतारे गए, जिन्हें दो ई-रिक्शा चालक एकत्रित कर रहे थे।टीम पहुंची तो रिक्शा चालकों ने बताया कि हर दिन वे यह माल अपनी गाड़ी में लोड कर लेते हैं। व्यापारी पहुंचते हैं और उसे अपने पते पर पहुंचाने के लिए पैसे दे देते हैं।खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दो ई-रिक्शा में लदा सारा माल वहां से खाद्य सुरक्षा विभाग के दफ्तर भिजवा दिया और माल पकड़े जाने की सूचना खोवा मंडी और अन्य व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों को दी।दोपहर बाद दफ्तर पहुंचे एक व्यापारी ने बताया कि इसमें से एक बोरे में रखा केवल चार गत्ता माल उनका है, जिसमें से नमूना लेकर चारों गत्ता उन्हें सुपुर्द कर दिया गया। शेष माल अभी भी गोदाम में रखा है।खाद्य सुरक्षा विभाग को खबर लगी थी कि खोवा मंडी में भोर में कहीं से पनीर की बड़ी खेप आने वाली है। तलाश में टीम मंडी पहुंची थी, लेकिन वहां कोई सामान नहीं आया।

## स्वयंभू भोलेनाथ की महिमा है अपरंपार, सबकी पूरी होती हैं मुरादें- सदियों पुराना है इतिहास


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाने को लेकर तैयारियां चल रही हैं। यहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को स्वयंभू कि मंदिर स्थल पर पहले घना जंगल होता था। यहां लकड़हारे रहते थे, जो लकड़ी काटकर अपना जीवन व्यतीत करते थे।1928 में अपनी जीविका के लिए एक लकड़हारा



(उस जगह पर खुद से ही पहले से स्थापित) कहा जाता है। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है कि मंदिर स्थल पर पहले घना जंगल होता था। यहां लकड़हारे रहते थे, जो लकड़ी काटकर अपना जीवन व्यतीत करते थे कुनराघाट स्थित महादेव झारखंडी मंदिर में महाशिवरात्रि में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। श्रद्धालुओं की यहां भोलेनाथ पर विशेष आस्था है। मान्यता है कि भक्तों की मुरादें यहां पूरी होती हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाने को लेकर तैयारियां चल रही हैं।यहां भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग को स्वयंभू (उस जगह पर खुद से ही पहले से स्थापित) कहा जाता है। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता है लकड़ी काट रहा था तभी उसकी कुल्हाड़ी एक पत्थर से टकराई थी। पत्थर से खून निकलने लगा था। यह देख लकड़हारा हैरत में पड़ गया। उसने आसपास की जमीन को साफ कर के पत्थर को देखा तो वह शिवलिंग निकला उसने तुरंत उस शिवलिंग को निकालने की कोशिश की पर वह नीचे ही धंसता जा रहा था। लकड़हारा की सूचना पर वहां के जमींदार ने भी शिवलिंग को ऊपर करने की कोशिश की पर असफल होने पर वहां पूजा-अर्चना शुरू कर दी। शिवलिंग हमेशा पत्तों से ढका रहता था इसलिए इस मंदिर को लोग महादेव झारखंडी के नाम से जानने लगे। बाद में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ।



# सोनभद्र, मिर्जापुर



## जिला प्रभारी मंत्री ने सदर ब्लाक प्रमुख को किया सम्मानित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्रोर पर आए जिला प्रभारी मंदिर रविंद्र



जायसवाल द्वारा शनिवार को सदर ब्लाक प्रमुख अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत को दिल्ली विधानसभा क्षेत्र मंगोलपुरी में 33 साल बाद भाजपा प्रत्याशी को विगत तीन माह से लगातार प्रचार प्रसार कर जीत दिलाई जाने पर अंग वस्त्र एवं मालपान कर बधाई दिया गया वहीं जिला प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि यह जीत आम जनमानस आम जनता की है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने कम से कदम बढ़ाकर लोगों के बीच केंद्र और राज्य के कल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए सभी उम्मीदवारों को विजई बनवाया सभी को हृदय से आभार। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा रमेश मिश्रा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संशोधन बिल वापस होना अधिवक्ताओं की एक जुटता का परिणाम--राकेश शरण मिश्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 वापस लेना देश भर के अधिवक्ताओं के एक जुटता का परिणाम है यह बाते संयुक्त अधिवक्ता महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने पत्रकारों से बात करते हुए कही। श्री मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में पिछले दस दिनों से देश भर के अधिवक्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जा रहा था जिसके कारण केंद्र सरकार को फिलहाल उक्त बिल वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। पत्रकारों से वार्ता के दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल में कोई ऐसी बात नही लिखी गई थी जो संविधान सम्मत हो और ना ही इस बिल में अधिवक्ताओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए ही कोई बात लिखी गई थी बल्कि इसके विपरित अधिवक्ताओं के अस्तित्व, अधिकार और उनकी अभिव्यक्ति को पूरी तरह कुचलने की विधिक



व्यवस्था सरकार द्वारा बनाई गई थी जिसका संज्ञान होते ही देश भर के अधिवक्ता बार कौंसिल ऑफ इंडिया, बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश एवम संयुक्त अधिवक्ता महासंघ सहित अनेकों अधिवक्ता संघों के आहवान पर पूरी ताकत के साथ अक्रोशित और आंदोलित होकर इस बिल का पुरजोर विरोध किए और परिणाम स्वरूप सरकार को 28 फरवरी जो इस बिल पर आपत्ति एवम सुझाव की अंतिम तारीख तय की गई थी के पूर्व ही कल बाईस तारीख को ही पत्र जारी कर वापस लेना पड़ा जिसका स्वागत संयुक्त अधिवक्ता महासंघ करता है। श्री मिश्र ने कहा कि संयुक्त अधिवक्ता महासंघ यह अपेक्षा करता है कि केंद्र सरकार भविष्य में इस बिल को लाने के पूर्व देश के वरिष्ठ अधिवक्ताओं से इस पर विधिवत विचार विमर्श कर उनकी पूर्ण सहमति के बाद ही इस बिल को लाएगी अन्यथा आगे भी अधिएकताओ के विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

## महाकुंभ में दो दिनों में बनेंगे तीन विश्व रिकॉर्ड, अपने ही पुराने रिकॉर्ड तोडेगा मेला प्रशासन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** महाकुंभ नगर में सोमवार और मंगलवार को तीन नए विश्व कीर्तिमान बनेंगे। इसकी



तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। महाकुंभ नगर में सोमवार और मंगलवार को तीन नए विश्व कीर्तिमान बनेंगे। इसकी तैयारियों का अंतिम रूप दिया जा रहा है। संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी जा चुकी है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित अन्य तकनीकी संस्थानों के विशेषज्ञों की मौजूदगी में कीर्तिमान बनाए जाएंगे। मेला प्रशासन ने महाकुंभ में चार नए विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई है। जिनमें से एक नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है।इसमें 300 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने तीन अलग-अलग घाटों पर नदी की सफाई करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया। हालांकि, भीड़ को देखते हुए तीन अन्य रिकॉर्ड बनाने की योजना आगे बढ़ा दी गई। सोमवार से मंगलवार के बीच तीनों रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। खास बात यह है कि मेला प्रशासन कुंभ-2019 में बनाए हुए अपने ही तीनों रिकॉर्ड को तोड़ेगा। सोमवार को 15 हजार सफाई कर्मचारी एक साथ झाड़ू लगाकर स्वच्छता का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाएंगे। इसके लिए अरैल में हेलीपैड मार्ग, परेड में लाल सड़क, झूंसी की तरफ अखाड़ा मार्ग आदि स्थानों को चुना गया है। इसकी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। इससे पहले मेला प्रशासन की ओर से ही कुंभ-2019 में 10 हजार सफाईकर्मियों के साथ स्वच्छता का रिकॉर्ड बनाया गया था। 25 फरवरी (मंगलवार) को दो विश्व रिकॉर्ड बनाए जाएंगे। पहले में 10 हजार लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाएंगे। इसके लिए गंगा पंडाल व अन्य प्रमुख स्थलों पर कैनवास रखे जाएंगे। मेला प्रशासन ने कुंभ-2019 में 7,500 लोगों के हैंड प्रिंट लेने का रिकॉर्ड बनाया था। इसके साथ ही एक साथ 550 से अधिक शटल बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया जाएगा यह जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई है। मेला प्रशासन की ओर से कुंभ-2019 में 500 बसों के संचालन का रिकॉर्ड बनाया गया था। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि तीनों रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयारी की जा रही है। इस दौरान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## अब साइकिल का जमाना हुआ खत्म प्रभारी मंत्री रविंद्र

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज सिविल लाइन



रोड स्थित एक होटल परिसर में शनिवार को जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल द्वारा बजट पर चर्चा प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बनाई गई उपलब्धियां। प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि केंद्र व राज्य के जो बजट पेश हुए हैं उसमें आम जनमानस के हित सहित किसान नौजवान शिक्षा स्वास्थ्य सभी क्षेत्रों में विकास को लेकर सरकार द्वारा पेश किया गया है वही श्री जायसवाल ने बताया कि 9 लाख आउटसोर्स कर्मियों की सैलरी बढ़ाई अब साइकिल का जमाना गया स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए फ्री स्कूटर सरकार ने युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने की योजना को जारी रखा है.. -प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार के लिए बिना ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध कराया जाएगा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत हर जिले में सरकारी कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे। इस मौके पर जिला प्रभारी अनिल सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा, डॉक्टर धर्मवीर तिवारी, रमेश मिश्रा ,अजीत चौबे सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## पीएम सम्मान निधि से वंचित रह जाएंगे दो लाख किसान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर। प्रधानमंत्री 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे।** जिले में अभी तक 226669 किसानों ने अपना फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। जिन्होंने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई उन्हें किसान सम्मान नहीं मिलेगी। जो किसान अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री करा लें।ऐसे किसान पीएम सम्मान निधि की 19वीं किस्त से वंचित हो जाएंगें। उपकृषि निदेशक विकेश कुमार सिंह पटेल ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जन सेवा केंद्र के माध्यम से कराया जा रहा है। अब तक जिले के 156123 किसानों ने ही अपना फार्मर रजिस्ट्री कराया है। जिन किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराया है उन्हीं के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि भेजी जाएगी।जिले में 226669 किसानों ने अभी तक अपना फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराए हैं। जिले में फार्मर रजिस्ट्री में कुल लक्ष्य 382792 की तुलना में 19 फरवरी 2025 तक 156123 किसानों ने ही फार्मर रजिस्ट्री कराई है। चुनार में लक्ष्य 119082 के तुलना में 49504 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कराई है। यह लक्ष्य का 41.57 प्रतिशत है। मड़िहान में लक्ष्य 46438 की तुलना में 19872 ही रजिस्ट्री हुई जो कि 42.79 प्रतिशत है।

## गंगा जल में 50 गुना रोगाणुओं को मारकर सेकेंडों में उसका आरएनए हैक कर ले रहा बैक्टीरियोफेज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम भी जिस वैज्ञानिक का लोहा मानते रहे, उन्हीं पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर ने महाकुंभ में गंगा जल को लेकर अब सबसे बड़ा खुलासा किया है मिसाइल मैन साथ इतने बैक्टीरिया मारने की अद्भुत ताकत है। मानव जनित सभी प्रदूषण को नष्ट करने के लिए इसमें 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं।उनके दावों के अनुसार गंगा मैया की ताकत समुद्री जल के समान है। इसमें पाया जाने वाला है कि बैक्टीरियोफेज, बैक्टीरिया से 50 गुना छोटे होते हैं। जब लाखों लोग गंगा में डुबकी लगाते हैं, तब शरीर से निकलने वाले रोगाणुओं को गंगा खतरा समझती है। तत्काल प्रभाव से बैक्टीरियोफेज सक्रिय हो जाते हैं।डॉक्टर अजय भारत के



एपीजे अब्दुल कलाम भी जिस वैज्ञानिक का लोहा मानते रहे, उन्हीं पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर ने महाकुंभ में गंगा जल को लेकर अब सबसे बड़ा खुलासा किया है। उनका दावा है कि गंगा नदी की अपनी अद्भुत स्व-शुद्धिकरण क्षमता इस खतरे को तुरंत टाल देती है। इसका रहस्य गंगा में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफेज हैं। जो प्राकृतिक रूप से गंगा जल की सुरक्षा का कार्य करते हैं।गंगा दुनिया की इकलौती मीठे जल वाली नदी है, जिसमें एक बैक्टीरियोफेज प्रदूषण और हानिकारक बैक्टीरिया का समूल नाश कर खुद भी विलुप्त हो जाता है।डॉ सोनकर का कहना है कि पूरी दुनिया में कैंसर, डीएनए-बायोलॉजिकल जेनेटिक कोड, सेल बायलॉजी एंड ऑटोफैगी पर बड़े महत्वपूर्ण शोध किए हैं। यही नहीं नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी, राइस यूनिवर्सिटी, ह्यूस्टन अमेरिका, टोक्यो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के साथ काम किया है। उनका दावा वो वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने अपने अनुसंधान से समुद्र में मोती बनाने की विधा में जापान के एकाधिकार को न सिर्फ समाप्त कर दिया बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा और बहुमूल्य मोती बना कर पूरी एक ग्लोबल वेव पैदा कर दी थी। डॉ अजय ने नीदरलैंड की वेगेनिंगन यूनिवर्सिटी से कैंसर और न्यूट्रिशियन पर बड़ा काम किया है। इसके अलावा न्यूट्रिशियन, हार्ट की बीमारियों और डायबिटीज पर भी इनका रिसर्च है।

## दो दिवसीय प्रवास पर गुप्तकाशी की धरा पर पहुंचेंगे पूज्य संत आचार्य मिथिलेशनन्दिनीशरण जी महाराज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** नगर स्थित ज्योति इंटरनेशनल होटल में ग्राम्य संस्कृति,समृद्धि एवं जीवनबोध विषय पर 4 मार्च 2025 को होने



वाले संगोष्ठी को लेकर आयोजन समिति की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सांस्कृतिक अभियान- काशीकथा के संयोजक डॉ अवधेश दीक्षित ने कहा कि- गुप्तकाशी के धार्मिकता की यह परम पावन अनुभूति है कि 4 मार्च को आयोजित होने वाली इस संगोष्ठी में धार्मिक,आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारक सिद्ध पीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या धाम के परम पूज्य संत आचार्य श्री मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज जी ने मुख्य अतिथि के रूप में आतिथ्य स्वीकार करते हुए अपना समय प्रदान किया है। यह भी निश्चित रूप से हम सब के अत्यधिक सौभाग्य का विषय है कि हम उनके अमृत रूपी वाणी को श्रवण कर सोनभद्र की ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं धार्मिक विकास हेतु योजना बद्ध हो संकल्पित हो पाएंगे।तैयारी बैठक में इस कार्यक्रम के संयोजक/ आयोजक श्री आलोक कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पूज्य महाराज जी काशी से सीधे सोनभद्र पहुंचेंगे ।रास्ते में कई स्थानों पर भक्तों के द्वारा स्वागत कार्यक्रम भी रखे गए हैं; तत्पश्चात नगर स्थित ज्योति इंटरनेशनल होटल में ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवन बोध शीर्षक संगोष्ठी कार्यक्रम में उद्बोधन, विंध्य कन्या पीजी कॉलेज में बेटियों को पुरस्कार वितरण व 251 कन्याओं के साथ सामूहिक सहभोज कार्यक्रम के उपरांत पूज्य महाराज जी सहस्र शिवलिंग मऊ कला, विजयगढ़ दुर्ग, बाबा मछंदर नाथ, अमला धाम भी जाएंगे । इन स्थलों के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम नगर स्थित सर्किट हाउस में करेंगे। अगले दिन प्रातः 5 मार्च 2025 को पंचमुखी महादेव का दर्शन पूजन कर पूज्य सन्त आचार्य मिथिलेशनंदिनीशरण जी महाराज काशी के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां काशीकथा द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन के उपरांत शाम को पूज्य महाराज जी अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान कर जायेंगे । बैठक में प्रमुख रूप से डॉ अवधेश दीक्षित, पंडित आलोक कुमार चतुर्वेदी,पारस मिश्रा, जगदीश पंथी , विनोद चौबे , दयाशंकर पांडे ,प्रद्युम्न त्रिपाठी , कमलेश चौबे, प्रमोद गुप्ता, चित्रा जालान, सुशील त्रिपाठी, योगेंद्र बिन्द, प्रभात सिंह चंदेल, मृगांक दुबे,कुंवर चौबे,प्रवीण पांडेय, विनय शुक्ला, विनय विश्वकर्मा, ठाकुर दिग्विजय सिंह, ठाकुर अभय सिंह, बृजेश शुक्ला, लक्ष्मी झा, अरुणेश पांडे,आनंद त्रिपाठी, राज नारायण तिवारी, राकेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## वार्षिक परीक्षा शुरू होने के पहले वर्ष का अंतिम दिन क्लोजिंग सेरेमनी के रूप में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** दी आर्यांस एकेडमी,संत



नगर रॉबर्ट्सगंज। आज विद्यालय परिसर में वार्षिक परीक्षा शुरू होने के पहले वर्ष का अंतिम दिन क्लोजिंग सेरेमनी के रूप में बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसके अंतर्गत बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया व साल भर के पूरे सांस्कृतिक कार्यक्रम की गतिविधियों को देखते हुए बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कार भी दिया गया। जिससे बच्चे बहुत खुश थे और आने वाले समय में और अच्छा प्रदर्शन करने के लिये प्रोत्साहित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री विनोद कुमार जालान जी ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा पुरस्कार जीतने के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया। वहीं प्रधानाचार्या श्रीमती चित्रा जालान जी ने सभी बच्चों को आने वाले वार्षिक परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी वह कहा कि वार्षिक परीक्षा नजदीक है इसलिए आप लोग अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई पर लगाइए और अच्छे अंकों से प्राप्त होने के पश्चात वह बच्चे जो प्रथम, द्वितीय,तृतीय आते हैं उनको एक बार पुनः पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रियंका चौबे, नवीन कुमार पांडे, सुषमा पांडे, निशा चौबे, प्रतिमा, कावेरी श्रीवास्तव, अश्वनी मिश्र, रोमा, सुल्ताना,अपर्णा, नीतीश, महेश त्रिपाठी, उमाकांत दुबे, योगेश, हरिओम पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।पुरस्कार पाने वाले बच्चों में वैष्णवी पांडेय, अनुष्का मिश्रा, सौम्या शुक्ला आराध्या पांडे ,ऋषभ निगम ,अमन ,अविनाश निगम , अविका, देविका ,सम्राट यादव सत्यम, अल्का ,मान्वी ,अर्पिता आदि बच्चे रहे।

## परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले पहुंचे स्टेटिक मजिस्ट्रेट और कक्ष निरीक्षक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिले में 24 से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही केंद्राध्यक्षों के साथ सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट और कक्ष निरीक्षकों को एक घंटे पहले ही केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।जिले में 117 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इसके लिए केंद्राध्यक्षों से कहा गया है कि वे समय से एक घंटा पहले पहुंचें। मजिस्ट्रेटों की निगरानी में प्रश्नपत्रों का बंडल खोला जाएगा। फिर उसका वितरण होगा।इसके पहले स्टेटिक मजिस्ट्रेट सभी सीसी कैमरे और वायस रिकॉर्डर की जांच कर लें ताकि कोई समस्या न रहे।

## छात्रों के हितों की अनदेखी कर रही है भाजपा सरकार- बागी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** भारतीय राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पांडे 'बागी' , प्रदेश महासचिव अभिषेक शुक्ला व प्रदेश सचिव सौरभ द्विवेदी का



जनपद सोनभद्र में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघटन के जिला अध्यक्ष अंशु गुप्ता के नेतृत्व में गर्म जोशी से स्वागत किया छात्रों ने नगर में जुलूस निकालते हुए छात्र नेताओं का नारा लगाते हुए अशोकनगर वार्ड नंबर 21 में बैठक किया , बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पांडे 'बागी' ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश के अंदर कई कॉलेजों में छात्र संघ का चुनाव नहीं हो रहा है और छात्र नेता ही आगे चलकर राजनीति में आम जनमानस की आवाज उठाने का काम करते हैं यह सरकार सीधे रूप में आम लोगों की आवाज को दबाने का काम कर रही है जिसे हम सभी लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे हमारी यह मांग है कि प्रदेश के सारे कॉलेज में जल्द से जल्द समय पर चुनाव कराया जाए । वही प्रदेश महासचिव अभिषेक शुक्ला ने कहा कि कॉलेज से जो छात्र नेता बनकर आगे निकलते हैं वही सांसद/ विधायक होते हैं क्योंकि वह जमीन से जुड़े हुए होते हैं तो हर व्यक्ति की पीड़ा को भी समझते हैं लेकिन सरकार शासन चुनाव बंद कर कर छात्र नेताओं के उपज कोई खत्म करने का काम कर रही है । प्रदेश सचिव गौरव द्विवेदी ने कहा कि सोनभद्र में भी दुद्धी और ओबरा डिग्री कॉलेज है वहां पर भी चुनाव इधर बंद है वहाँ भी चुनाव शुरू होना चाहिए साथ ही अन्य जो डिग्री कॉलेज है वहां भी छात्र संघ बहाल कर जल्द से जल्द चुनाव कराए जाने चाहिए ।


## कार्यकर्ताओं ने मनाया संत गाडगे महाराज की जयंती

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अपना दल एस सोनभद्र जिला कार्यालय छपका रॉबर्ट्सगंज में संत गाडगे महाराज की जयंती



का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के अध्यक्षता में मनाई गई। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा मंच आनंद पटेल दयालु विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव (युवा मंच) आलोक पाण्डेय व प्रदेश सचिव (अल्पसंख्यक मंच) महताब आलम सम्मिलित हुए जयंती कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव संकट मोचन झा द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि गण व साथ में जिलाध्यक्ष द्वारा संत गाडगे महाराज के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि आनंद पटेल दयालु ने कहा कि, संत गाडगे महराज अंधविश्वास के विरुद्ध संघर्षः उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं और अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता फैलाई।गरीबों के मसीहाः उन्होंने भिक्षा में मिले धन से स्कूल, धर्मशालाएँ और गौशालाएँ बनवाईं, जिससे समाज का भला हो सके।शिक्षा को बढ़ावाः उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का मुख्य माध्यम माना और कई शिक्षण संस्थान स्थापित किए। विशिष्ट अतिथि आलोक पाण्डेय ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, गाडगे बाबा जी का मानना था कि ठस्वच्छता ही भगवान की पूजा है। विशिष्ट अतिथि महताब आलम ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि,आज हमें संत गाडगे महाराज के विचारों को अपनाकर स्वच्छता, शिक्षा और समाज सेवा के कार्यों में योगदान देना चाहिए। संबोधन के क्रम में जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, संत गाडगे महाराज (23 फरवरी 1876 - 20 दिसंबर 1956) एक महान समाज सुधारक, संत, और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने महाराष्ट्र और पूरे भारत में स्वच्छता, शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से गरीबों और वंचितों के उत्थान का कार्य किया। साथ ही जयंती कार्यक्रम में आए हुए सभी पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी गण - जिला उपाध्यक्ष गण विनोद यादव , शिबू शेख , प्रवीण त्रिपाठी ,जिला महासचिव गण राजकुमार बौद्ध, मुकेश पटेल तरंग, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कृष्णकांत कुशवाहा , संकट मोचन झा।जिला सचिव श्यामसुंदर सिंह पटेल जिला मीडिया सचिव गण विकास पटेल, महेंद्र सिंह पटेल ।जिला कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल जिला कार्यकारिणी सदस्य गण रामलाल प्रजापति , सोनी खान , रिंकू गुप्ता , ओमप्रकाश पटेल ।विधानसभा अध्यक्ष गण रॉबर्ट्सगंज विधानसभा अध्यक्ष आनंद पटेल , ओबरा विधानसभा अध्यक्ष प्रभु नाथ खरवार ।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ओबरा विकास गोंड ,जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मंच हरिप्रसाद धांगर , जिलाध्यक्ष बौद्धिक मंच आजाद भाई पटेल , जिलाध्यक्ष चिकित्सा मंच अरुण कुमार पटेल, जिलाध्यक्ष छात्र मंच अभिषेक अग्रहरि , पूर्व जिला उपाध्यक्षयुवा मंच विजय कुमार यादव , पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मंच विजेंद्र सिंह पटेल , विधानसभा उपाध्यक्ष ओबरा सुखंबर राव , सेक्टर अध्यक्ष ओबरा मोहम्मद आरिफ , दयाशंकर पटेल , मुराली , रेखा देवी , मंजू देवी , पत्रकार राजेश कुमार , चंद्रप्रकाश, संतोष पटेल, देवेश सिंह , कमालुद्दीन , सज्जन कुमार मेहता , सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# स्पोर्ट्स





## ऑस्ट्रेलिया ने हासिल किया चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा लक्ष्य, इंग्लैंड को हराया; इंग्लिस का शतक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की शानदार पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 351 रन बनाए जो चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा टोटल था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबर कर 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन बनाकर पांच विकेट से मैच जीता। जोश इंग्लिस के शतक और एलेक्स कैरी के पचासे से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ ग्रुप बी के मुकाबले में चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की शानदार पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 351 रन बनाए जो चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा टोटल था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरुआत से उबर कर 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन बनाकर पांच विकेट से मैच जीता। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही इतिहास रच दिया है। टीम ने ना सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी बल्कि सभी आईसीसी वनडे टूर्नामेंट का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था जिसने 2023 वनडे विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ 345 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया की यह 2009 में फाइनल के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी में पहली जीत है। ऑस्ट्रेलिया ने 5618 दिन बाद इस टूर्नामेंट में मुकाबला जीता है। उसने चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी बार पांच अक्तूबर 2009 को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी। 2013 में टीम ने तीन मैच खेले जिसमें उसे पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली और फिर उसका न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बेनतीजा रहा। तीसरे मैच में श्रीलंका ने कंगारू टीम को हराया। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 में ऑस्ट्रेलिया का न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा मैच बेनतीजा रहा था, जबकि तीसरे मैच में इंग्लैंड ने उसे 40 रनों से हराया था। अब उसने इंग्लैंड को पहले मैच में हराया और इस तरह टीम 17 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दर्ज करने में सफल रही है। ऑस्ट्रेलिया की जीत के नायक जोश इंग्लिस रहे जिन्होंने 86 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 120 रन बनाए। वहीं, ग्लेन मैक्सवेल 15 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। इंग्लैंड के लिए मार्क वुड, जोफ्रा आर्चर, ब्रायडन कार्स, आदिल राशिद और लियाम लिविंगस्टोन ने एक-एक विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 27 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे। ट्रेविस हेड छह रन और कप्तान स्टीव स्मिथ पांच रन बनाकर आउट हुए। शुरुआती झटकों के बाद मैथ्यू शॉर्ट और मार्नस लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभाला। एक समय मुश्किल में दिख रही ऑस्ट्रेलिया को लाबुशेन और शॉर्ट ने उबारा। स्पिनर आदिल राशिद ने मार्नस लाबुशेन को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। लाबुशेन और मैथ्यू शॉर्ट के बीच तीसरे विकेट के लिए अच्छी साझेदारी हो रही थी, लेकिन राशिद को लाबुशेन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। लाबुशेन 45 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ ही लाबुशेन और शॉर्ट के बीच तीसरे विकेट के लिए हुई 95 रनों की साझेदारी का अंत हुआ। इसके बाद लियाम लिविंगस्टोन ने मैथ्यू शॉर्ट को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को चौथा झटका दिया। शॉर्ट अच्छी पारी खेल रहे थे और अर्धशतक पूरा कर चुके थे, लेकिन 33 गेंदों पर 63 रन बनाकर आउट हो गए। लाबुशेन और शॉर्ट ने भले ही ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला, लेकिन उनके आउट होने के बाद इंग्लिश तथा कैरी ने आगे बढ़ाया। इन दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई बल्लेबाजी की और धीरे-धीरे स्कोर आगे बढ़ाते रहे। इन दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े। ऐसा लग रहा था कि यह दोनों बल्लेबाज टीम को जीत दिला देंगे, लेकिन ब्रायडन कार्स ने एलेक्स कैरी को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को पांचवां झटका दिया। कैरी और जोश इंग्लिस के बीच अच्छी साझेदारी हो रही थी, लेकिन कार्स ने कैरी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कैरी 63 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 69 रन बनाकर आउट हुए। कैरी और इंग्लिस के बीच पांचवें विकेट के लिए 146 रनों की साझेदारी हुई। गिरते विकटों के बीच इंग्लिस क्रीज पर टिके रहे और देखते ही देखते ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 300 के पार पहुंच गया। इंग्लिस यहीं ही नहीं रुके और उन्होंने शतक पूरा किया। इंग्लिश के करियर का यह पहला वनडे शतक है। इस दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने भी इंग्लिस का अच्छा साथ दिया। अंत में यह दोनों टीम को जीत दिलाकर ही पवेलियन लौटे। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, लेकिन इंग्लैंड ने लाहौर में खेले गए इस मुकाबले में दमदार बल्लेबाजी की और 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़कर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा टोटल बनाया। चैंपियंस ट्रॉफी में इससे पहले सबसे बड़ा टोटल न्यूजीलैंड ने अमेरिका के खिलाफ 2004 में द ओवल में खेले गए मैच में बनाया था। न्यूजीलैंड ने उस वक्त चार विकेट पर 347 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने हालांकि पिछले सभी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ा दिया था। हालांकि, उनकी यह खुशी ज्यादा देर नहीं चली क्योंकि लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने इस स्कोर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज बेन ड्वार्शुइस ने इंग्लैंड को शुरुआत में दो झटके दिए, लेकिन डकेट ने जो रूट के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की और इंग्लैंड को संभाला। डकेट के अलावा जो रूट ने 78 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 68 रन बनाए। रूट और डकेट के बीच तीसरे विकेट के लिए 158 रनों की साझेदारी हुई। रूट और बेन डकेट के बीच शानदार साझेदारी हुई जिसे जैम्पा ने तोड़ा। डकेट ने 143 गेंदों पर 17 चौकों और तीन छक्के की मदद से 165 रन बनाए। डकेट और रूट के अलावा इंग्लैंड का कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। इन दोनों के अलावा इंग्लैंड के लिए कप्तान जोस बटलर ने 23, जैमी स्मिथ ने 15, लियाम लिविंगस्टोन ने 14, फिल सॉल्ट ने 10, ब्रायडन कार्स ने 8 और हैरी ब्रूक ने 3 रन बनाए। वहीं, जोफ्रा आर्चर 10 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 21 रन और आदिल राशिद एक रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज ड्वार्शुइस ने 66 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि स्पिनर एडम जैम्पा और मार्नस लाबुशेन को दो-दो विकेट मिला। इसके अलावा ग्लेन मैक्सवेल भी एक विकेट लेने में सफल रहे।



## यूपी ने दिल्ली से लिया हार का बदला, दर्ज की टूर्नामेंट में पहली जीत, क्रांति-ग्रेस को मिले 4-4 विकेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी ने चिनेले हेनरी की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 177 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19.3 ओवर में 144 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। क्रांति गौड़ और ग्रेस हैरिस की घातक गेंदबाजी की बदौलत यूपी वॉरियर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 33 रन से हराकर महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण में पहली जीत दर्ज की। शनिवार को बंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी ने चिनेले हेनरी की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 177 रन बनाए। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 19.3 ओवर में 144 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। इस तरह दीप्ति शर्मा की टीम ने दिल्ली कैपिटल्स से पिछली हार का बदला ले लिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। उन्होंने पहला झटका पांचवें ओवर में 26 रन के स्कोर पर लगा। कप्तान मेग लैनिंग को क्रांति गौड़ ने अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ पांच रन बना सकीं। वहीं, सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 24 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दिल्ली की तरफ से जेमिमा रोड्रिग्स ने सर्वाधिक 56 रनों की पारी खेली। उन्होंने 35 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाया। इसके अलावा मारिजन कप ने नौ, एनाबेल सदरलैंड ने पांच, जेस जोनासन ने पांच, साराह ब्रायस ने पांच, निकी प्रसाद ने 18 और शिखा पांडे ने 15ङ रन बनाए। वहीं, अरुंधति रेड्डी और मिन्नू मणि खाता भी नहीं खोल सकीं। यूपी के लिए क्रांति गौड़ और ग्रेस हैरिस के अलावा चिनेले हेनरी और दीप्ति शर्मा को एक-एक विकेट मिला। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ वेस्टइंडीज की चिनेले हेनरी ने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 62 रन बनाए। एक समय पर यूपी के छह विकेट 14 ओवर में 91 रन पर गिर चुके थे। वेस्टइंडीज की दाहिने हाथ की बल्लेबाज हेनरी ने अरुंधति रेड्डी को 19वें ओवर में तीन छक्के लगाकर 18 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने गुजरात जायंट्स की सोफिया डंकली के रिकॉर्ड की बराबरी की जिन्होंने 2023 सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ यह कारनामा किया था। आठवें नंबर पर उतरी हेनरी की इस पारी के दम पर यूपी ने दमदार स्कोर बनाया जबकि उसके विशेषज्ञ बल्लेबाज कुछ कर पाने में नाकाम रहे थे। दिल्ली के गेंदबाजों ने यूपी के छह विकेट 89 रन पर निकाल दिए थे। यूपी के लिए किरण नवगिरे ने 20 गेंद में 17 रन बनाए। इससे पहले मारिजन कप ने वृंदा दिनेश (चार) को सस्ते में आउट किया। जेस जोनासेन ने दीप्ति शर्मा (13) और ताहलिया मैक्ग्रा (24) के विकेट लिए जबकि काप ने 13वें ओवर में ग्रेस हैरिस (दो) को पवेलियन भेजा। यूपी वारियर्स : किरण नवगिरे, वृंदा दिनेश, दीप्ति शर्मा (कप्तान), ताहलिया मैक्ग्रा, श्वेता सहरावत, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, सोफी एक्लेस्टोन, उमा छेत्री (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, साइमा ठाकोर। दिल्ली कैपिटल्स : शेफाली वर्मा, मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, एनाबेल सदरलैंड, मारिजान कप, जेस जोनासेन, सारा ब्राइस (विकेटकीपर), शिखा पांडे, अरुंधति रेड्डी, मिन्नू मणि, निकी प्रसाद।



## खेलो इंडिया स्टेट वूमेंस लीग वूशु की धमाकेदार शुरुआत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने कहा कि खेलो इंडिया



के तहत राज्य स्तर पर इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों में न सिर्फ प्रतिस्पर्धा की भावना जागती है, बल्कि खेल के प्रति उनका समर्पण और जुनून भी बढ़ता है। मुजफ्फरपुर के सिकंदरपुर स्थित खेल भवन के प्रांगण में खेलो इंडिया स्टेट लेवल वूमेंस वूशु लीग की शानदार शुरुआत हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से 300 से अधिक महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। डिप्टी मेयर डॉ. मोनालिसा ने खुद वूशु खेलकर टूर्नामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी ईशा मिश्रा भी मौजूद रहीं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की गई। खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा गया।

## खिताब के विजेताओं पर हुई पैसों की बारिश, हार के बावजूद कप्तान कृष्णा गावली को मिली चमचमाती कार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट के समापन के मौके पर उत्तर प्रदेश के



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मशहूर गायक कैलाश खेर भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने विजेताओं को ट्रॉफी थमाई और जीत की बधाई दी। क्रिकेट द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट लीग एलएलसीटेन-10 शनिवार को वेंकटेश्वरा लायंस की जीत के साथ समाप्त हो गई। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए खिताबी मैच में धर्मेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व वाली टीम ने ग्रुप स्टेज में अजेय रही ब्रज वॉरियर्स को छह विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट के समापन के मौके पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मशहूर गायक कैलाश खेर भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने विजेताओं को ट्रॉफी थमाई और जीत की बधाई दी। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। ब्रज वॉरियर्स की टीम ने खराब बल्लेबाजी करते हुए 8.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 63 रन बनाए। जवाब में वेंकटेश्वरा लायंस ने 9.1 ओवर में चार विकेट खोकर 67 रन बनाए और छह विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

## पाकिस्तान के खिलाफ कितना स्कोर रहेगा काफी, उपकप्तान शुभमन गिल ने रखी राय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत का आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर हमेशा दबदबा रहा है और दोनों के बीच मुकाबलों को लेकर काफी हाइप रहती है। भारत और पाकिस्तान की टीमें रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस महामुकाबले से पहले भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और तैयारियों तथा मैच को लेकर अपनी राय रखी। गिल ने बताया कि दुबई में ओस नहीं होने से बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर अधिक दबाव होगा और 300 से अधिक का स्कोर काफी अच्छा रहेगा। भारत का आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर हमेशा दबदबा रहा है और दोनों के बीच



मुकाबलों को लेकर काफी हाइप रहती है। गिल ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम सकारात्मक और आक्रामक क्रिकेट खेलेंगे। 300 से 305 का स्कोर इस विकेट पर अच्छा रहेगा। बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करने वाली टीम के जीतने की संभावना अधिक होगी। टॉस से उतना फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि ओस नहीं है। बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम पर दबाव रहेगा। गिल से पूछा गया कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर अत्याधिक हाइप रहती है। इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि इसे लेकर अत्याधिक हाइप रहती है या नहीं। दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता का लंबा इतिहास रहा है और करोड़ा लोग हैं जो इस मैच को देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह कहने वाला मैं कोई नहीं हूं कि इसे लेकर ओवरहाइप रहती है या नहीं। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला बड़ा है।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच मैच में भारत का राष्ट्रगान बजने पर हरकत में आया पीसीबी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमें जब राष्ट्रगीत के लिए कतारबद्ध थी तब दर्शक हैरान रह गए कि एक सेकेंड के लिए भारत का राष्ट्रगीत बज गया जिसे तुरंत रोका गया ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में उस वक्त दर्शक हैरान रह गए जब मुकाबले से ठीक पहले भारत का राष्ट्रगान बजने लगा। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इससे तमतमा गया है और उसने इस गलती के लिए आईसीसी को दोषी माना है। पीसीबी ने इस हरकत के लिए आईसीसी से सफाई मांगी है। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमें जब राष्ट्रगीत के लिए कतारबद्ध थी तब दर्शक हैरान रह गए कि एक सेकेंड के लिए भारत का राष्ट्रगीत बज गया जिसे तुरंत रोका गया। आईसीसी के एक करीबी सूत्र ने इसकी पुष्टि की कि पीसीबी ने इस घटना को रेखांकित करते हुए उसे पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्र ने कहा, पीसीबी ने साफ तौर पर कहा कि इस गड़बड़ के लिए आईसीसी



जिम्मेदार है और उसे सफाई देनी होगी। चूंकि भारतीय टीम पाकिस्तान में नहीं खेल रही है तो यह समझ से परे है कि उसका राष्ट्रगीत प्ले लिस्ट से गलती से कैसे बज गया। मालूम हो कि भारत ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था और भारतीय टीम के सारे मैच दुबई में हो रहे हैं। पीसीबी ने इससे पहले भी आईसीसी को पत्र लिखा था कि भारत और बांग्लादेश के बीच दुबई में हुए मैच के दौरान उसके नाम का लोगो टीवी स्क्रीन पर नहीं दिखाया गया। आईसीसी ने कहा था कि यह गलती से हुआ है और दुबई में सारे मैचों में तीन पंक्तियों का आड़ा लोगो दिखाया जाएगा जिसमें पाकिस्तान का नाम होगा। आयोजकों को तुरंत अपनी गलती का अहसास हुआ। हालांकि, तब तक 'भारत भाग्य विधाता' बज चुका था। सोशल मीडिया पर इसकी क्लिप शेयर हो रही है। आयोजकों की यह बड़ी गलती है क्योंकि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने कोई मैच लाहौर क्या पाकिस्तान में ही नहीं खेलने हैं। आईसीसी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में मैच से पहले दो प्रतिस्पर्धी टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। ऐसा टॉस के बाद होता है और फिर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिलाते हैं।

# सम्पादकीय

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से बदलेगी तस्वीर

अब राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने तमाम लोगों से सात दिनो के भीतर ऐसे हथियार जमा करने का निर्देश दिया है। उसके बाद राज्य में और बड़े पैमाने पर उग्रवाद-विरोधी अभियान चलाया जा सकता है।बीते करीब 21 महीनों से जातीय हिंसा की आग में जलने वाले पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर की तस्वीर क्या बदलेगी क्या इस हिंसा के बाद राज्य के दोनों प्रमुख समुदाय-मैतेई और कुकी के बीच लगातार चौड़ी होती खाई को पाटना संभव होगा। राज्य में भाजपा के विधायकों के बढ़ते दबाव और बगावत के बाद आखिर मुख्यमंत्री एन। बीरेन सिंह ने हाल में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उनकी जगह किसी नाम पर सहमति नहीं होने की वजह से सरकार को राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़ा। उसके बाद राज्य की जमीनी स्थिति में थोड़ा ही सही, लेकिन बदलाव नजर आ रहा है। अब यह कहना मुश्किल है कि यह बदलाव कितना स्थायी और प्रभावी होगा। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद उग्रवादियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर शुरू हुए अभियान का ही नतीजा है कि अब तक करीब सौ लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में उन हथियारों को बरामद किया गया है जो सरकारी शस्त्रागार से लूटे गए थे।अब राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने तमाम लोगों से सात दिनो के भीतर ऐसे हथियार जमा करने का निर्देश दिया है। उसके बाद राज्य में और बड़े पैमाने पर उग्रवाद-विरोधी अभियान चलाया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा है कि तय समय के भीतर ऐसे हथियार लौटाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लेकिन उसके बाद उनको गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि तीन मई, 2023 को हिंसा की शुरुआत के बाद राज्य के विभिन्न इलाकों में थानों और दूसरी जगहों से बड़ी मात्रा में सरकारी हथियार लूट लिए गए थे। शुरुआती दौर के बाद इस हिंसा की कमान मैतेई और कुकी उग्रवादी संगठनों ने थाम ली थी।लंबे अरसे तक उग्रवाद की चपेट में रहने वाले इस राज्य में बीते कुछ वर्षों से धीरे-धीरे शांति लौट रही थी। लेकिन मई, 2023 की हिंसा ने यहां रहने वाले मैतेई और कुकी समुदाय के बीच की दरार को अचानक और चौड़ा कर दिया है। इस हिंसा की आड़ में कम से कम दो दर्जन कुकी उग्रवादी संगठन राज्य में सक्रिय हो गए। दूसरी ओर, पड़ोसी म्यांमार में ठिकाना बनाने वाले कई मैतेई संगठन भी हिंसा की इस आग में कूद पड़े। केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी ने परिस्थिति और बिगाड़ दी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस हिंसा में अब तक ढाई सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 50 हजार से ज्यादा लोग विस्थापित होकर राहत शिविरों में दिन काट रहे हैं। राज्य में 60 हजार से ज्यादा सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद अक्सर हिंसा भड़क उठती थी। लेकिन उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कभी किसी बड़े अभियान की जरूरत तक नहीं समझी गई। अब राष्ट्रपति शासन के बाद शुरू हुए अभियान के बाद सवाल उठने लगा है कि आखिर पहले ऐसा क्यों नही किया गया और मुख्यमंत्री के इस्तीफे के साथ राष्ट्रपति शासन का फैसला क्यों किया गया राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा विधायकों की बगावत ही इसकी सबसे बड़ी वजह है। विपक्ष ने बजट अधिवेशन के दौरान बीरेन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया था। करीब डेढ़ दर्जन भाजपा विधायक भी इसका समर्थन करने का मन बना चुके थे। यानी शक्ति परीक्षण की स्थिति में सरकार का गिरना तय था।पहले तो बागी विधायकों को मनाने का भरसक प्रयास किया गया। लेकिन जब बात नहीं बनी तो बीरेन सिंह को इस्तीफा देने के लिए कहा गया। विश्लेषकों की राय में अगर पार्टी में बीरेन सिंह के खिलाफ बगावत नहीं होती तो अब भी उनका इस्तीफा नहीं मांगा जाता। सदन में बहुमत पाने में बीरेन सिंह सरकार के नाकाम रहने की स्थिति में केंद्र और भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की भद पिटती और दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत का उल्लास फीका पड़ जाता। तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद ही मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने को कहा गया था। मुख्यमंत्री ने नौ फरवरी को इस्तीफा दिया था, लेकिन अगले चार दिनों तक जब उनके उत्तराधिकारी पर फैसला नहीं हो सका तो छह महीने के भीतर सदन की बैठक बुलाने की सवैंधानिक मजबूरी के कारण ही 13 फरवरी की शाम को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अगले कुछ दिनों या महीनों में राज्य में नया मुख्यमंत्री चुना जाएगा या फिर विधानसभा भंग कर नए सिरे से चुनाव कराए जाएंगे राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि विधानसभा भंग करने की संभावना बेहद क्षीण है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व फिलहाल अगले मुख्यमंत्री के लिए किसी नाम पर आम राय बनाने का प्रयास कर रहा है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री की कुर्सी के संभावित दावेदारों में से एक मंत्री युमनाम खेमचंद सिंह ने पार्टी के तमाम विधायकों के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ए।

# पूर्वोत्तर में बड़ा खतरा बनते तेजी से पिघलते ग्लेशियर

देश के पूर्वोत्तर इलाके में ग्लोबल वार्मिंग का प्रकोप ज्यादा होने की खबरें तो बीते कुछ वर्षो से सामने आ रही हैं। लेकिन अब एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट ने पर्यावरणविदों की चिंता बढ़ा दी है। हाल में नागालैंड विश्वविद्यालय और गुवाहाटी स्थित कॉटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने अपने एक ताजा अध्ययन में कहा-अरुणाचल प्रदेश छोटे ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार और ज्यादा है।वैज्ञानिकों की एक टीम ने बीते 32 वर्षों के आंकड़ों की सहायता से अरुणाचल प्रदेश में ग्लेशियरों की संख्या और उनके घटते आकार का अध्ययन किया है। इससे पता चलता है कि वर्ष 1988 में जहां राज्य का 585 वर्ग किलोमीटर इलाका ग्लेशियर ढका था, वहीं वर्ष 2020 में यह घट कर हैं। अध्ययन टीम के सदस्य और गुवाहाटी स्थिति कॉटन विश्वविद्यालय के पर्यावरण जीव विज्ञान और वन्य जीव विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नबोजित हजारिका कहते हैं कि यह अध्ययन इस बात का सबूत है कि पूर्वी हिमालय में ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर कितनी तेजी से पिघल रहे हैं।इस टीम ने अपने अध्ययन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी झीलें अक्सर तबाही मचाती हैं। दो साल पहले सिक्किम में ऐसी एक झील के फटने से बड़े पैमाने पर तबाही मची थी और जान-माल का भारी नुकसान हुआ था।अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 1988 में अरुणाचल प्रदेश में कुल 756 ग्लेशियर थे जो वर्ष 2020 में घट कर 646 रह गए। टीम के एक



में बीते तीन दशकों के दौरान ग्लेशियर प्रति साल 16.94 वर्ग किलोमीटर की दर से पिघल रहा है और अगर यह सिलसिला जारी रहा तो ग्लेशियर के पिघलने से निकलने वाले पानी पर निर्भर रहने वाले समुदायों को भविष्य में खेती और पीने के लिए पानी की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। महज 275 वर्ग किलोमीटर रह गया है। इससे साफ है कि ग्लेशियर के क्षेत्रफल में इस दौरान करीब 53 फीसदी की कमी आई है।बीते महीने जर्नल आफ अर्थ सिस्टम साइंस में छपी इस अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन और उसके गंभीर असर के आकलन के लिए ग्लेशियर एक बेहतर पैमाना के दौरान तवांग, वेस्ट कामेंग, अपर सियांग और अपर दिबांग वैली इलाकों में ग्लेशियरों का अध्ययन किया। इस इलाके में ज्यादातर ग्लेशियर समुद्र की सतह से साढ़े चार हजार से 48 सौ मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं।वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लेशियरों के पिघलने के कारण ग्लेशियल झीलों के निर्माण अन्य सदस्य और नागालैंड विश्वविद्यालय के डा। एल। जमीर बताते हैं कि पश्चिमी हिमालय के मुकाबले पूर्वी हिमालय की ऊंचाई कम है। यही वजह है कि इस इलाके में ग्लोबल वार्मिंग का असर ज्यादा होने का अंदेशा है।ग्लोबल वार्मिंग के असर का पता लगाने के लिए ग्लोशियरों के पिघलना एक पैमाना माना जाता है। लेकिन इससे पहले कभी पूर्वी हिमालय में इतने बड़े पैमाने पर कोई अध्ययन नहीं किया गया था। अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि इलाके में शोध केंद्र कम होना इसकी प्रमुख वजह है।डा. हजारिका के मुताबिक कई बार ग्लेशियर पिघलने के बाद दो या उससे ज्यादा हिस्सों में बंट जाते हैं, लेकिन चिंता की बात यह नहीं बल्कि उनका क्षेत्रफल कम होना है।वह बताते हैं कि ग्लेशियरों के पिघलने का सबसे तात्कालिक खतरा यह है कि खेती और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए इनके पिघलने से मिलने वाली पानी पर निर्भर समुदायों को निकट भविष्य में पानी की किल्लत से जूझना पड़ सकता है। मोटे आंकड़ों के मुताबिक करीब 1।3 अरब लोग इस पानी पर निर्भर हैं।पूर्वोत्तर इलाके में देश के बाकी हिस्सों के मुकाबले ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का प्रतिकूल असर कुछ ज्यादा ही नजर आने लगा है। इलाके के तमाम राज्यों में बेमौसम की बरसात, भयावह बाढ़, भूस्खलन, असम चाय की पैदावार व गुणवत्ता में कमी और दुनिया के सबसे नम इलाके वाले मेघालय में पीने के पानी की कमी जैसे मामले इसका सबूत हैं।पूर्वोत्तर इलाका अपनी जैव-विविधता के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। लेकिन मौसम के बदलते मिजाज की वजह से दुर्लभ किस्म की कई वनस्पतियों का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।जलवायु परिवर्तन के बढ़ते असर ने इलाके में लोकप्रिय झूम खेती की परंपरा को भी खतरे में डाल दिया है। झूम यानी हर साल-दो साल जगह बदल कर ढलवां सीढ़ीदार जगह पर होने वाली खेती पूर्वोत्तर भारत में सदियों पुरानी परंपरा रही है। इलाके की भौगोलिक बसावट भी इसके लिए मुफीद रही है।मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन का इलाके की जैव विविधता पर असर साफ नजर आने लगा है। अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग जिले में अब जाड़े के दिनों में भी आम फलने लगे हैं। यह एक नई बात है। मौसम के बदलते मिजाज की वजह से इलाके में कई दुर्लभ वनस्पतियों का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. भूमिधर बर्मन कहते हैं कि पूर्वोत्तर में जलवायु परिवर्तन के असर के सटीक आकलन के लिए हमारे पास आंकड़ों की कमी है। दरअसल यह समस्या जितनी नजर आती है उससे कहीं ज्यादा गंभीर है। दुर्गम इलाकों से आंकड़े जुटाने का कोई ठोस इंतजाम नहीं है। ऐसे में ज्यादातर इलाकों के आकलन में अनुमानों का ही सहारा लिया जाता है। ताजा अध्ययन रिपोर्ट में रिपोर्ट में कहा गया है कि इलाके में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए ग्लेशियरों के पिघलने पर लगातार निगरानी के साथ ही बेहतर जलवायु अनुकूलन रणनीति पर विचार करना और उनको लागू करना जरूरी है।

# जलवायु परिवर्तन का समुद्री स्तनधारियों पर प्रभाव

बढ़ते तापमान और बदलती समुद्री धाराएं व्हेल, डॉल्फिन और पोरपॉइज़ जैसे समुद्री स्तनधारियों के भोजन (शिकार) की उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं। ये प्राणी समुद्री खाद्य श्रृंखला (फूड वेब) को संतुलित रखने और पोषक चक्र (न्यूट्रिएंट साइक्लिंग) में मदद करते हैं।समुद्री स्तनधारी, जिन्हें अक्सर ठसमुद्र के शांत दिग्गजठ कहा जाता है, समुद्री पारिस्थितिक तंत्र (इकोसिस्टम) को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन उनके आवास, जीवन और पारिस्थितिकी में बड़े बदलाव ला रहा है, जो चिंता का विषय है।20वीं सदी की शुरुआत से, महासागर ने ग्रीनहाउस गैसों से पैदा हुई अतिरिक्त गर्मी का लगभग 93ज्ञ् भाग अवशोषित कर लिया है। इसके कारण समुद्र की सतह का तापमान लगभग 1ष्टण् तक बढ़ गया है, जिससे पूरी दुनिया के समुद्री तंत्र प्रभावित हुए हैं।इसके अलावा, महासागर ने मानव द्वारा उत्सर्जित लगभग 30ज्ञ् कार्बन डाइऑक्साइड को भी अवशोषित किया है, जिससे समुद्र का ज्प् स्तर कम हुआ है और जल रसायन (केमिस्ट्री) बदल रही है। ये प्रभाव ठंडे, उच्च अक्षांश वाले क्षेत्रों में सबसे गंभीर हैं, जहां ऑक्सीजन का स्तर भी घट रहा




है। बढ़ते तापमान और बदलती समुद्री धाराएं व्हेल, डॉल्फिन और पोरपॉइज़ जैसे समुद्री स्तनधारियों के भोजन (शिकार) की उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं। ये प्राणी समुद्री खाद्य श्रृंखला (फूड वेब) को संतुलित रखने और पोषक चक्र (न्यूट्रिएंट साइक्लिंग) में मदद करते हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ये नए तनाव का सामना कर रहे हैं। आर्कटिक क्षेत्र के व्हेल जैसे नारव्हाल, बेलुगा व्हेल और बोहेड व्हेल सबसे अधिक खतरे में हैं। आर्कटिक में तापमान वैश्विक औसत से दोगुना तेजी से बढ़ रहा है, जिससे समुद्री बर्फ तेजी से पिघल रही है। यह बर्फ उनके लिए बेहद जरूरी आवास (हैबिटेट) है।मिंकी व्हेल्स का आवास (हैबिटेट) घटती बर्फ के कारण खतरे में पड़ सकता है, जबकि राइट व्हेल्स को भोजन की कमी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि उनके शिकार क्षेत्रों में बदलाव आ रहा है। ये बदलाव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) की स्थिरता और इन प्रजातियों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं।आर्कटिक सील्स जैसे रिंग्ड सील्स, बीर्डेड सील्स, हार्प सील्स और हूडेड सील्स समुद्री बर्फ पर निर्भर रहते हैं। यह बर्फ उन्हें बच्चे (पिल्लों) को जन्म देने, शिकार से बचने और आराम करने के लिए सुरक्षित स्थान प्रदान करती है। लेकिन गर्म होते तापमान के कारण बर्फ की मोटाई और बर्फ पर बर्फीली परत (स्नो कवर) कम हो रही है।2019 के नेचर क्लाइमेट चेंज अध्ययन के अनुसार, 2100 तक बर्फीली परत में 50ज्ञ् की कमी हो सकती है, जिससे रिंग्ड सील के पिल्लों के जीवित रहने की संभावना घट जाएगी।इसके अलावा, समुद्री बर्फ का पिघलना सील्स के भोजन की उपलब्धता को भी प्रभावित करता है। मछलियां और छोटे जीव-जंतु ठंडे पानी में पनपते हैं, लेकिन जब बर्फ घटती है तो ये जीव भी कम हो जाते हैं। इससे सील्स को भोजन की तलाश में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ जाती है।बर्फ के कम होने से इंसानों की गतिविधियां जैसे शिपिंग, तेल ड्रिलिंग और मछली पकड़ना बढ़ रहे हैं। ये गतिविधियां समुद्री स्तनधारियों के आवास को नष्ट करती हैं और प्रदूषण तथा बायकैच (गलती से फंसना) जैसे खतरे को बढ़ाती हैं।समुद्री स्तनधारियों के भविष्य को बचाने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि जलवायु परिवर्तन किस तरह उनके व्यवहार, वितरण और पारिस्थितिकी को प्रभावित करता है। समुद्री संरक्षित क्षेत्र (ईंगहा इद-ूर्मू) विकसित करने और शिपिंग, प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नीतियां बनानी होंगी।समुद्री स्तनधारी समुद्री इकोसिस्टम को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और हमें प्रकृति की ताकत और सुंदरता का एहसास कराते हैं। यदि हम जलवायु परिवर्तन और संरक्षण की चुनौतियों का समाधान करेंगे, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इन समुद्री जीवों और उनके आवास को बचा पाएंगे।

# सरस आजीविका मेला 2025 का शुभारंभः 31 राज्यों के उत्पादों की बिक्री के साथ शुरू हुआ मेला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** में पांचवीं बार परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल और लखपति स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) दीदियों की निर्यात क्षमता के विकास की थीम के साथ सरस आजीविका मेला 2025 का शुभारंभ 21 फरवरी, शुक्रवार से हुआ। यह मेला 10 मार्च 2025 तक नोएडा के सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से आयोजित इस मेले में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा हाट में 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार शामिल हैं, जो परंपरागत हस्तकला, ग्रामीण संस्कृति और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इसके साथ ही मेले में 85 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इंडिया फूड कोर्टः 20 राज्यों के क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद इस बार सरस आजीविका मेले में इंडिया फूड कोर्ट एक प्रमुख आकर्षण है। इसमें देशभर के 20 राज्यों की 80 उद्यमी गृहणियों ने अपने-अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए हैं। इन स्टॉल्स पर हर प्रदेश के व्यंजनों का अनोखा स्वाद लोगों को आनंदित कर रहा है। इसके अलावा, देशभर से 400 से अधिक लखपति दीदियां इस मेले की खास मेहमान बनी हुई हैं। हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की भरमार : चिरंजी कटारियापंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के चिरंजी कटारिया ने बताया कि सरस आजीविका मेला 2025 में हथकरघा, साड़ी और ड्रेस मटेरियल से जुड़े कुछ उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल हैं। इनमें आंध्र प्रदेश की कलमकारी, असम का मेखला चादर, बिहार की कॉटन और सिल्क साड़ी, छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, गुजरात का भारत गुंथन और पैचवर्क, झारखंड की तसर सिल्क और कॉटन साड़ी, मध्य प्रदेश के चंदेरी और बाग प्रिंट, मेघालय के इरी उत्पाद, ओडिशा की तसर और बांधा साड़ी, तमिलनाडु की कांचीपुरम साड़ी, तेलंगाना की पोचमपुरी साड़ी, उत्तराखंड की पश्मीना, कथा, बाटिक प्रिंट, तांत और बालुचरी तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न उत्पाद शामिल हैं। हस्तशिल्प, ज्वेलरी और होम डेकोर उत्पाद मेले में हस्तशिल्प, ज्वेलरी और होम डेकोर उत्पादों की भी भरमार है। इनमें आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वेलरी, असम के वाटर हायसिंथ हैंडबैग और योगा मैट, बिहार की लाह की चूड़ियां, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ के बेल मेटल उत्पाद, गुजरात के मिरर वर्क और डोरी वर्क, हरियाणा के टेराकोटा उत्पाद, झारखंड की ट्राइबल ज्वेलरी, कर्नाटक के चन्नापटना खिलौने, ओडिशा के सबाई ग्रास उत्पाद और पटचित्र, तेलंगाना के लेदर बैग, वॉल हैंगिंग और लैंप शेड्स, उत्तर प्रदेश के होम डेकोर उत्पाद और पश्चिम बंगाल के डोकरा क्राफ्ट, सितल पट्टी और विविध उत्पाद शामिल हैं। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता मेले में प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी लगाए गए हैं। इनमें अदरक की चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम और अचार जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। साथ ही, बच्चों के मनोरंजन के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद उठाया जा सकता है। पहले दिन अंशु आर्ट्स के हिमाचली नृत्य और सत्यम इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन के ग्रुप डांस की प्रस्तुति पर नोएडावासी झूम उठे। ग्रामीण विकास मंत्रालय की पहलः ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह मेला एक विशेष मुहिम के तहत आयोजित किया है, जिसका उद्देश्य हस्तशिल्पियों और हस्तकारों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। मेले के दौरान देशभर के 31 राज्यों के हजारों उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है।




# मौसम के रस-रंगः सर्दी में गर्मी बढ़ाएगी मुसीबत

इस बार फरवरी में ही गर्मी जैसा आभास हो रहा है। इन दिनों 25 से 28 डिग्री तक तापमान चल रहा है। 20 फरवरी के बाद और ज्यादा तापमान बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक मान रहे हैं कि मार्च में ही तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है।इस बार न हेमंत ऋतु में सर्दी पड़ी और न शिशिर यानी शीत ऋतु का ही असर रहा। फरवरी जहां सर्दी का मौसम होता था, इस बार लोग-बाग दिन में बिना स्वेटर और जैकेट के घूम रहे हैं। धूप अच्छी नहीं लग रही है। दिन गर्म हैं और रातें मुकाबले में थोड़ी सर्द। दिन में कभी सामान्य हवा चलती है तो कभी सर्द। इससे तापमान फ्लैक्चुएट हो रहा है। नतीजे में न सिर्फ मन और शरीर पर असर पड़ रहा है, बल्कि फसलों को भी नुकसान हो रहा है। इस बार बारिश भरपूर हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि पिछले साल जैसी ही अच्छी सर्दी पड़ेगी। फरवरी 2024 में भरपूर ठंड रही थी तो इस अनुमान पर सभी को भरोसा था। सर्दी को लेकर लगाया गया कयास गलत साबित हुआ। दिसंबर भी उतना सर्द नहीं रहा, जितना कि होना चाहिए था। दिसंबर में न ज्यादा कोहरा पड़ा और न शीत लहर ही चली। कई बार तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। बरेली कॉलेज में पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष डॉ. एपी सिंह कहते हैं कि इस बार विंटर रेन नहीं हुई। इसकी वजह से मौसम अभी से गर्म है।आम तौर पर दिसबंर और जनवरी में बारिश होती थी। कई दिनों तक होने वाली इस बारिश से न सिर्फ जमीन नम हो जाती थी, बल्कि वातावरण में भी नमी रहती थी। इस नमी की वजह से कोहरा और पाला बना रहता था। इस बार इनवारयमेंट में डिस्टर्बेंस रहा। इससे मौसम का मिजाज अभी से बदल गया है। बारिश की साइकिल आगे बढ़ी है। अब जून की जगह जुलाई में बारिश शुरू होती है। इसके समकक्ष जाड़े का मौसम आगे नहीं बढ़ा, बल्कि गर्मी जल्दी आ गई। फरवरी में ही गर्मी जैसा आभास हो रहा है। इन दिनों 25 से 28 डिग्री तक तापमान चल रहा है। 20 फरवरी के बाद और ज्यादा तापमान बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।मौसम वैज्ञानिक मान रहे हैं कि मार्च में ही तापमान 40 डिग्री तक पहुंच सकता है। डॉ. एपी सिंह कहते हैं कि जनवरी सामान्य से ज्यादा गर्म रही। इस लिहाज से लग रहा है कि लोगों को मार्च में ही मई जैसी गर्मी झेलनी पड़ सकती है। अगर अब भी पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता है तो बारिश हो सकती है। इससे सर्दी का असर बढ़ सकता है। वरना गर्मी का बढ़ना तय है।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## पूनम पांडे ही नहीं ये सेलिब्रिटी भी कर चुके हैं पब्लिसिटी स्टंट, जानिए कौन है लिस्ट में शामिल


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई सेलिब्रिटी ऐसे हैं, जो अपने काम से ज्यादा अपने पब्लिसिटी स्टंट के कारण चर्चा में रहते हैं। जानिए, कर चुकी हैं। सिर्फ पूनम पांडे ही नहीं कई और सेलिब्रिटी भी बॉलीवुड में पब्लिसिटी पाने के लिए अलग-अलग तरह के स्टंट कर चुके हैं। जानिए, ऐसे ही कुछ सेलिब्रिटीज में पब्लिसिटी पाने के लिए अलग-अलग तरह के स्टंट कर चुके हैं। जानिए, ऐसे ही कुछ सेलिब्रिटीज और उनके पब्लिसिटी स्टंट के बारे में। एक्टर विक्रांत मैसी ने भी पिछले



पिछले कुछ सालों में किस-किस सेलिब्रिटी ने पब्लिसिटी पाने के लिए अजीब से स्टंट किए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस पूनम पांडे के फैन ने सरेआम उन्हें किस करने की कोशिश की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। दरअसल, वह पहले भी कई पब्लिसिटी स्टंट और उनके पब्लिसिटी स्टंट के बारे में। हाल ही में एक्ट्रेस पूनम पांडे के फैन ने सरेआम उन्हें किस करने की कोशिश की। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ। सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। दरअसल, वह पहले भी कई पब्लिसिटी स्टंट कर चुकी हैं। सिर्फ पूनम पांडे ही नहीं कई और सेलिब्रिटी भी बॉलीवुड साल के आखिर में एक सोशल मीडिया पोस्ट किया, जिसमें लिखा था कि वह एक्टिंग से अब संन्यास ले रहे हैं। दर्शकों ने इस बात पर अलग-अलग रिएक्शन दिए। बाद में विक्रांत ने कहा कि वह संन्यास नहीं ले रहे हैं, वह ब्रेक लेंगे। अपनी फिल्मों की शूटिंग करने के बाद साल 2025 में एक्टिंग से थोड़ा ब्रेक लेंगे। इसके बाद विक्रांत मैसी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया कि वह भी अब पब्लिसिटी स्टंट करने लगे हैं राखी सावंत सोशल मीडिया पर अपनी अजब-गजब हरकतों के लिए जानी जाती हैं। वह पब्लिसिटी स्टंट करने में माहिर हैं। कुछ साल पहले राखी सावंत ने टीवी पर अपना स्वयंवर शो करवाया था, इसमें एक व्यक्ति को आखिर में अपने लिए चुना भी। लेकिन बाद में उससे शादी नहीं की। लोगों ने इसे भी राखी सावंत का पब्लिसिटी पाने के लिए किया गया स्टंट बताया। वह पिछले दिनों पाकिस्तान भी गईं, वहां भी शादी करने की बात करती दिखीं, इस बात को भी पब्लिसिटी स्टंट ही बताया गया है सिंगर नेहा कक्कड़ ने भी एक बार सोशल मीडिया पर अपने पति के साथ एक फोटो शेयर किया, जिसमें वह प्रेग्नेंट नजर आ रही थीं। सिंगर के फैंस इस बात से खुश नजर आए लेकिन बाद में ये सब एक पब्लिसिटी स्टंट निकला। दरअसल, अपने एक म्यूजिक वीडियो 'ख्याल रखा कर' के प्रमोशन के लिए ये फोटो नेहा ने पोस्ट किया था। बाद में इस बारे में खुद ही जानकारी दी कि वह प्रेग्नेंट नहीं हैं बल्कि ये उनके नए म्यूजिक एल्बम का लुक है। शिल्पा शेट्टी के हसबैंड राज कुंद्रा भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने भी दो साल पहले एक पोस्ट सोशल मीडिया पर किया जिसमें लिखा था, 'हम अलग हो चुके हैं और आपसे गुजारिश है कि हमें इस मुश्किल समय में थोड़ा वक्त दें।' इस पोस्ट के बाद लोगों को लगा कि राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी का तलाक हो गया है। जबकि ऐसा कुछ नहीं था। असल में राज कुंद्रा ने अपने फेस मास्क से अलग होने की बात की थी, जिसे पहने हुए वह पब्लिक प्लेस पर नजर आते थे।

## हरि हर वीरा मल्लू' से लेकर 'कनप्पा' तक, 'छावा' के बाद ये पीरियड फिल्में भी दिखा सकती हैं कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विक्की कौशल की 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों छाई हुई है। फिल्म की ताबड़तोड़ कमाई के बीच आज हम आपको कुछ आगामी पीरियड वॉर फिल्मों भगवान शिव के भक्त कन्नप्पा के जीवन पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह ने किया है। इसे मोहन बाबू ने प्रोड्यूस किया है। विष्णु मांचू इस फिल्म में मुख्य भूमिका में दिखाई



के बारे में बताने जा रहे हैं।विक्की कौशल की हालिया रिलीज फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त सफलता हासिल कर रही है। दर्शकों ने इस पीरियड वॉर ड्रामा फिल्म को दिल से सराहा, है। यही वजह है कि अब यह फिल्म 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने की ओर तेजी से बढ़ रही है। ऐसी ही बहुत सी आगामी फिल्में हैं जिनसे टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई की उम्मीदें जताई जा रही हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में यह फिल्म भारतीय तेलुगु भाषा की ऐतिहासिक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है, जो 17वीं शताबदी के मुगल साम्राज्य पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन कृष जगरलामुडी और एएम ज्योति कृष्णा ने किया है। वहीं, इसकी पटकथा जगरलामुडी और साईं माधव बुर्रा ने लिखी है। फिल्म में पवन कल्याण मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नरगिस फाखरी और नोरा फतेही जैसे नाम भी फिल्म में मौजूद हैं कन्नप्पा एक तेलुगु भाषा की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जो देंगे। हिंदू धर्म में कन्नप्पा का बड़ा महत्व है। उनकी कहानी को इस फिल्म के माध्यम से बड़े पर्दे पर पेश किया जाएगा। 'कांतारा' फेम अभिनेता ऋषभ शेट्टी अब एक और ऐतिहासिक फिल्म में नजर आने वाले हैं, और इस बार वह मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म का नाम 'द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज' रखा गया है। इसका निर्देशन संदीप सिंह कर रहे हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती पर रिलीज किया गया था। केसरी वीरः लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ' एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जो 14वीं शताबदी में सोमनाथ मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर योद्धाओं की कहानी को बयां करती है। इस फिल्म में सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और सूरज पंचोली मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

## वीकएंड पर छाई 'छावा', एमएचकेबी ने दूसरे दिन भी किया निराश; जानें अन्य फिल्मों का हाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शनिवार को विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर छा गई। फिल्म ने एक लंबी छलांग लगाते हुए जमकर कमाई की। अर्जुन कपूर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' ने दूसरे दिन भी निराश किया है। आइए जानते हैं इन फिल्मों का हाल।वीकएंड पर विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई है। फिल्म ने बीते दिन की तुलना में दोगुना कारोबार किया। अर्जुन कपूर, रकुल प्रीत सिंह और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' ने दूसरे दिन भी निराश किया। इसकी कमाई पहले दिन के करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। विक्की की फिल्म ने रिलीज के तीसरे दिन 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया और सातवें दिन गुरुवार को 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। अब तक इसकी कमाई 288.32 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। अर्जुन कपूर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' दूसरे दिन भी कुछ खास नहीं कर पाई। ओपनिंग डे पर निराश करने के बाद वीकएंड पर भी इसकी कमाई में कोई सुधार नहीं आया है। मामूली बढ़त के साथ फिल्म ने 1.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। 1.5 करोड़ रुपये के साथ फिल्म ने अपना खाता खोला है। फिल्म के कुल



ही आस-पास रही और फिल्म ने मामूली बढ़त हासिल की। दक्षिण भारतीय फिल्म 'तंडेल' ने रिलीज के 16वें दिन बॉक्स ऑफिस पर बढ़त हासिल की है। आइए इन जानते हैं शनिवार को इन फिल्मों ने कितना कलेक्शन कि विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' ने वीकएंड पर लंबी छलांग लगाई है। फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्मों को लोग सिनेमाघरों में बढ़-चढ़कर देखने पहुंच रहे हैं। शनिवार को 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर 45 कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 3.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये है। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'तंडेल' ने भी रिलीज के तीसरे वीकएंड पर मामूली बढ़त हासिल की है। फिल्म ने शनिवार को 85 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। शुक्रवार को फिल्म की कमाई में गिरावट देखी गई थी। इस दिन 'तंडेल' ने महज 60 लाख रुपये का कलेक्शन किया था।

## आमिर खान बोले- 'महाभारत बनाना मेरा सपना है', बेटे जुनैद की फिल्म असफल होने पर दुखी हैं अभिनेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में आमिर खान ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात की। साथ ही वह बच्चों को लेकर भी और कहानियां, फिल्में बनाने की ख्वाहिश रखते हैं। बेटे जुनैद की हालिया रिलीज फिल्म 'लवयापा' आने वाले 15 साल काम करना चाहता हूं। मैं नए टैलेंट को मौका देना चाहता हूं, नई कहानियां बताना चाहता हूं। हमने फिल्म 'लापता लेडीज' में नए टैलेंट को मौका दिया।' यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शन तले बनी थी और इसे किरण राव ने निर्देशित किया



की असफलता पर भी वह दुखी नजर आए। इन सभी बातों को लेकर आमिर ने क्या कहा, विस्तार से जानिए। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने हाल ही में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत को लेकर बात की। वह एबीपी नेटवर्क के आइडियाज ऑफ इंडिया 2025 के मंच पर अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात करते दिखे। आमिर खान कहते हैं, 'महाभारत बनाना मेरा सपना है। अब मैं अपने सपने के बारे में सोच पाऊंगा। देखते हैं कि इसमें मेरा कोई रोल होगा या नहीं। साथ ही मुझे बच्चों से जुड़ा कंटेंट बनाने से एक अलग ही लगाव है। मेरा मानना है कि हम भारत में बच्चों से जुड़ा बहुत कम कंटेंट बनाते हैं। ज्यादातर फिल्में, कंटेंट विदेश से यहां आता है, उन्हें हमारे बच्चों के लिए डब किया जाता है। ऐसे में मैं बच्चों के बारे में और कहानियां भारत में बनाना चाहता हूं।' आमिर खान आगे कहते हैं, 'एक एक्टर के तौर पर मैं एक समय में एक ही फिल्म करता हूं। जल्द ही मैं 60 साल का हो जाऊंगा लेकिन मैं था। आमिर का यह भी मानना है कि राइटर्स को ज्यादा इंपॉर्टेंस देनी चाहिए। इसी से फिल्म इंडस्ट्री में बदलाव आएगा। साथ ही देश में सिनेमा हॉल की संख्या बढ़ाने की बात भी वह करते हैं। अभी भारत में केवल 10 हजार सिनेमा हॉल हैं। हाल ही में आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली। इस बात से आमिर दुखी हैं। वह कहते हैं, 'मुझे लगता है कि फिल्म अच्छी थीं और जुनैद ने भी इसमें अच्छा काम किया है। एक पिता के तौर फिल्म रिलीज से पहले मैं चिंता में था। मैं उस फीलिंग को बता नहीं सकता हूं। वैसे जुनैद एक फिल्म कर रहे हैं, जो नवंबर या दिसंबर में रिलीज होगी। यह एक रोमांटिक फिल्म है।' आमिर आगे अपनी फिल्म 'सितारे जमीं पर' के बारे में भी बताते हैं, यह फिल्म साल के मध्य में रिलीज हो सकती है।इसमें आमिर ने कॉमेडी के जरिए एक जरूरी बात कहने की कोशिश की है।

## बॉबी ने 'आश्रम' सीरीज को परिवार से छिपाया, बाबा निराला के रोल को लेकर क्या रहा पत्नी का रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जल्द ही बॉबी देओल 'आश्रम' सीरीज के तीसरे पार्ट में नजर आएंगे। इस सीरीज में वह ने पूरा सपोर्ट किया। वह बोली कि तुम करो ये रोल, जो तुम्हारा दिल चाहता है, वो करो। एक और इंटरव्यू में बॉबी देओल बताते हैं



बाबा निराला के रोल में दिखते हैं। इस नेगेटिव रोल में बॉबी देआले काफी सराहे गए हैं, उनकी एक्टिंग को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। हाल ही में बॉबी देओल ने अपनी इस सीरीज से जुड़ी कुछ खास बातें साझा की। हाल ही में बॉबी देओल ने सीरीज 'आश्रम 3' को लेकर बातचीत की। इस सीरीज का वह हिस्सा कैसे बने? परिवार वालों का उनके रोल, सीरीज को लेकर क्या नजरिया था? पत्नी तान्या ने कैसा रिएक्शन दिया, जब उन्होंने बाबा निराला के रोल के बारे में जाना? इन्हीं सब बातों के बारे में बॉबी देओल ने बताया। बॉबी देओल हाल ही में बॉलीवुड हंगामा को दिए गए एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'सीरीज 'आश्रम' का जब ऑफर आया तो मैंने तान्या (पत्नी)से बात की। उन्हें अपने रोल के बारे में बताया। साथ ही बताया कि मैं अच्छे किरदार करने की तलाश में हूं। ऐसे में तान्या कि उन्होंने सीरीज 'आश्रम' के प्रोजेक्ट के बारे में शुरुआत में भाई सनी देओल और पिता धर्मेंद्र को नहीं बताया। उन्हें लगा कि वह जब सीरीज देखेंगे तो समझ जाएंगे कि उन्होंने ये रोल क्यों चुना। बॉबी देओल यह भी बताते हैं कि उन्होंने 'आश्रम' सीरीज में बाबा निराला के रोल के लिए काफी मेहनत की है। शुरुआती सीरीज में वह घंटों तक अपने डायलॉग्स की रिहर्सल करते थे। हालिया रिलीज 'आश्रम 3' के ट्रेलर में नजर आया कि बाबा निराला के आश्रम और जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव आने वाला है। दर्शकों के लिए इस बार सीरीज में काफी ड्रामा रखा गया है। बॉबी देओल हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा साउथ की फिल्मों में भी विलेन के रोल निभा रहे हैं। इस साल भी वह एक साउथ फिल्म 'हरि हरा वीरा मल्लू' में नजर आएंगे। साथ ही एक फिल्म 'अल्फा' भी कर रहे हैं।

## अभिनेत्री लिन मैरी स्टीवर्ट का 78 वर्ष की आयु में निधन, कई सितारों ने जताया शोक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड अभिनेत्री लिन मैरी स्टीवर्ट का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से मनोरंजन जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी कई सितारों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी।हॉलीवुड अभिनेत्री लिन मैरी स्टीवर्ट का 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से मनोरंजन जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी कई सितारों ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी। लिन मैरी स्टीवर्ट पी-वी के प्लेहाउस में मिस यवोन की भूमिका के लिए जानी जाती हैं।



## गोवा गोवा गॉन' के सीक्वल का निर्देशन करेंगे कुणाल खेमू जानिए अभिनेता ने क्या कहा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कुणाल खेमू ने 'गो गोवा गॉन' के सीक्वल का निर्देशन करने की इच्छा जताई है। आइए सीक्वल जरूर निर्देशित करना चाहेंगे। इस फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। कुणाल खेमू ने अपने करियर की शुरुआत



जानते हैं कि उन्होंने एएनआई से बात करते हुए क्या कहा?बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कई चीजों पर खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने फिल्म के निर्देशन को लेकर भी अपनी इच्छा जाहिर की। एएनआई से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह फिल्म 'गो गोआ गॉन' का बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। 'हम हैं राही प्यार के' और 'राजा हिंदुस्तानी' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के बाद वह बतौर लीड एक्टर कलयुग में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने 'गो गोआ गॉन', 'ढोल', 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल अगेन' जैसी कॉमेडी फिल्मों से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। पिछले साल कुणाल ने डायरेक्टर के रूप में अपनी शुरुआत 'मडगांव एक्सप्रेस' नाम की फिल्म से की थी। इस फिल्म में प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु मुख्य भूमिका में थे। बातचीत के दौरान कुणाल ने कहा, मैंने गो गोआ गॉन में सैफ अली खान के साथ काम किया था और मुझे वह अनुभव बहुत पसंद आया था। अगर मुझे मौका मिला तो मैं इसका सीक्वल जरूर बनाऊंगा। साथ ही, मैं अपनी सास शर्मिला टैगोर के साथ भी फिल्म में काम करना चाहूंगा।'गो गोआ गॉन' के सीक्वल के बारे में बात करते हुए कुणाल ने कहा, सीक्वल बनाना बहुत डरावना होता है, क्योंकि पहले लोग बिना किसी उम्मीद के आते हैं, लेकिन जब उन्हें फिल्म पसंद आती है तो वे सीक्वल के लिए उम्मीदें लेकर आते हैं। इसलिए हम पहले से ही यह सोचते हैं कि दर्शक क्या सोचेंगे। हालांकि, यह भी बहुत रोमांचक भी होता है, क्योंकि अब हमें दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरना होत्ता है। 'गो गोआ गॉन 2' की घोषणा साल 2018 में की गई थी, लेकिन कुछ वजुहों से यह फिल्म अब तक नही बन सकी है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।